kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-149 | मंगलवार, 01 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



हूल दिवस हमें अपने आदिवासी समाज के अदम्य साहस और अद्भुत पराक्रम की याद दिलाता है। ऐतिहासिक संथाल क्रांति से जुड़े इस विशेष अवसर पर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के साथ ही उन सभी वीर-वीरांगनाओं का हृदय से नमन और वंदन। — नरेन्द्र मोदी

मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं: धनखड़ 11

भारत-नेपाल मैत्री पुल पर एसएसबी पोस्ट निर्माण को लेकर विवाद, स्थिति तनावपूर्ण 12

# बड़ी संख्या में इलाज के लिए विदेशों से भारत आ रहे लोग : मुर्मू

कैनविज टाइम्स संवाददाता/एजेंसी

गोरखपुर/बरेली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार से गुणवत्ता बढ़ी है। विश्व के मानचित्र पर मेडिकल टूरिज्म भारत में मजबूत हुआ है। दुनिया भर में जटिल बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भारत सस्ता इलाज मुहैया करा रहा है। यहां पर बड़ी संख्या में विदेशों से भी मरीज इलाज कराने आ रहे हैं। सस्ता इलाज भारत के गौरव की गाथा है। राष्ट्रपति, सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के पहले दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इससे पहले उन्होंने बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह को सोमवार को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता रूप में कार्य करें तो मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना हो। पशु व मानव का रिश्ता परिवार का है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा सामान्य पेशा नहीं है। समाज में चिकित्सक को भगवान के समान दर्ज़ा मिला है। चिकित्सक अगर सो जाए तो एक मरीज की जान चली जाती है। चिकित्सा मरीज की सेवा के साथ देश सेवा का माध्यम है। राष्ट्रपति ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से आधुनिकीकरण हो रहा है। अब गुणवत्ता के साथ नवाचार को बढ़ाने की आवश्यकता है। टेलीमेडिसिन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक सर्जरी से चिकित्सा सेवा बेहतर हो रही है। एम्स में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक सर्जरी का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स के कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी है। एम्स पूर्वी यूपी, पश्चिम बिहार और नेपाल के मरीजों के इलाज का प्रमुख केंद्र है। एम्स को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवा देने के साथ नवाचार का केंद्र बना बनना चाहिए। राष्ट्रपति ने ● शेष पेज 11 पर



- एम्स डॉक्टर्स चिकित्सा और मरीज के साथ देश को आगे बढ़ाने का कर रहे कार्य : राष्ट्रपति
- शोधकर्ता मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना से कार्य करें

## हर जीव-जंतु के लिए जीवन रक्षक सेवा का केंद्र बना है आईवीआरआई : योगी

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के शोधकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान की 136 वर्षों की साधना पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये उन्होने कहा ह्ल आप जैसे वैज्ञानिक उस मूक प्राणी की आवाज बनते हैं जिसे दुनिया सुन नहीं पाती। आप सभी का शोध और सेवा समाज को एक नई दिशा देता है। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने मेधावियों को 24 पदक और 576 स्नातक डिग्री की उपाधियां वितरित कीं। बरेली को भारत की पौराणिक और आध्यात्मिक नगरी बताते हुए उन्होने कहा कि यह क्षेत्र प्राचीन काल में पांचाल देश के रूप में विख्यात था और यहां देवाधिदेव महादेव के सात प्राचीन मंदिरों की श्रृंखला 'नाथ कॉरिडोर' के रूप में विकसित की जा रही है। बाबा अलखनाथ, वनखंडी नाथ, त्रिवटी नाथ, तपेश्वर नाथ, मढ़ी नाथ, धोपेश्वर नाथ और श्री पशुपाति नाथ मंदिर बरेली की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि जहां मंदिरों की श्रृंखला इस नगर को आध्यात्मिक पहचान देती है, वहीं आईवीआरआई ने इसे आधुनिक वैज्ञानिक पहचान प्रदान की है। योगी ने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि आईवीआरआई न केवल पशुधन बल्कि हर जीव-जंतु के लिए जीवन रक्षक सेवा का केंद्र बना है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान जब आरटीपीसीआर जांच एक चुनौती बनी हुई थी, तब आईवीआरआई ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर दो लाख से अधिक कोविड जांच करवाई। संस्थान की प्रतिबद्धता यह ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 12 मजदूरों की मौत

संगारेड्डी। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8:.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ। जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बचाव टीमों के साथ ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौजूद हैं। ब्लास्ट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। रिएक्टर में तेजी से केमिकल रिएक्शन होने से ब्लास्ट की संभावना जताई गई है। इधर, पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए ब्लास्ट की घटना पर दुख जताया। पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की।

### सचिवालय के आठ अधिकारियों को प्रमोशन

**लखनऊ।** सचिवालय सेवा के आठ अधिकारियों को प्रमोशन मिला है। संसदीय कार्य विभाग में तैनात शिवाजी सिंह को संयुक्त से विशेष सचिव पद पर तैनाती मिली है। गृह विभाग में तैनात आशुतोष चंद्र पांडेय को उप सचिव से संयुक्त सचिव बनाया गया है। नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग में तैनात महेंद्र कुमार त्रिपाठी को उप सचिव से संयुक्त सचिव पद पर पदोन्नति मिली है। लेखा संवर्ग के उप सचिव राजेश कुमार पांडेय (राज्य संपत्ति विभाग) व असलम खान (खाद्य एवं रसद विभाग) को संयुक्त सचिव पद पर प्रमोशन मिला है। डॉ. उमेश चंद्र वर्मा (सचिवालय प्रशासन विभाग), केबीएल श्रीवास्तव (नगर विकास विभाग) और विनय कुमार पाठक (वन एवं पर्यावरण) को अनुसचिव से उप सचिव के पद पर प्रमोशन मिला है।

### कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन पर कांग्रेस हाईकमान करेगा फैसला : खरगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राजनीतिक हलचल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राज्य में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर कहा कि यह पूरी तरह से पार्टी हाईकमान पर निर्भर करता है और वही इसका फैसला करेगा। श्री खरगे ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। यह पूछे जाने पर कि क्या आने वाले महीनों में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की जगह ले सकते हैं ,उन्होंने कहा ह्लयह हाईकमान के हाथ में है। कोई भी यह नहीं कह सकता कि हाईकमान में क्या चल रहा है। यह हाईकमान पर छोड़ दिया गया है। कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले श्री खरगे ने पार्टी सदस्यों को अटकलों वाले बयानों के जरिए 'अनावश्यक भ्रम' की स्थिति उत्पन्न करने के खिलाफ चेतावनी दी। प्रदेश के नेताओं को अपनी प्राथमिकताएं सार्वजनिक रूप से बताते हुए उन्होंने कहा, हाईकमान के पास बदलाव करने की शक्ति है।

## प्रयागराज की दलित लड़की को आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ब्रेनवॉश करके केरल ले गए, धर्म परिवर्तन कराया
- फूलपुर क्षेत्र के पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस हुई सक्रिय, दो गिरफ्तार
- महिला है मतांतरण कराने के गिरोह की सरगना
- देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त है गिरोह की सरगना दरकशा बानो

प्रयागराज। संगमनगरी प्रयागराज में 'केरला फाइल्स' से मिलती-जुलती एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां पर युवतियों का ब्रेनवॉश कर उनको मतांतरण के लिए प्रेरित करने और आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रलोभन दिया जाता है। गंगानगर के फूलपुर में रहने वाली एक अनुसूचित जाति कि किशोरी को केरल में ले जाकर मतांतरण कराने और जिहादी बनाने की कोशिश का मामला सामने आया है। मामले में फूलपुर पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए तिलहट गांव की दरकशा बानो, उसके सहयोगी कैफ को गिरफ्तार किया है। मुकदमा में धमकी, अपहरण, जातिसूचक गालियां देने की धाराएं शामिल की गई हैं।

शुरुआती छानबीन में पता चला है कि दरकशा बानो का एक बड़ा संगठन है, जो गरीब परिवार की लड़कियों को पैसे का प्रलोभन देती है। इसके बाद उनका ब्रेनवाश करके मतांतरण कराती है। वह देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले संगठन के लिए काम करती है। अनुसूचित जाति की किशोरी के ● शेष पेज 11 पर

### रेलवे के यात्री किराये बढ़े




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गयी है। बड़े शहरों की उपनगरीय तथा मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। रेल मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों के अनारक्षित द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी एवं गैर वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा सभी प्रकार की वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की एक समान वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार साधारण पैसेंजर श्रेणी की ● शेष पेज 11 पर

पाकिस्तान के साथ संघर्ष के बाद भारत रक्षा बजट बढ़ाकर 2047 तक दुनिया का तीसरा देश बनेगा

## भारत अपना अनुसंधान एवं विकास का बजट 5.1 फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी करेगा

एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के साथ हुए हवाई संघर्ष के बाद भारत का रक्षा बजट अगले वित्त वर्ष में 60 हजार करोड़ तक बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही भारत अगले पांच वर्षों में अपने रक्षा बजट का 10 फीसदी हिस्सा अनुसंधान एवं विकास के लिए आवंटित करेगा, जो मौजूदा समय में महज 5.1 फीसदी है। इसके साथ ही भारत 2047 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट वाला देश बन जाएगा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और वैश्विक परामर्शदात्री संस्था केपीएमजी की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार भारत का रक्षा बजट 2024-25 में 6.8 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2047 तक 31.7 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे भारत के रक्षा उत्पादन में भी मजबूत वृद्धि होगी। रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में रक्षा उत्पादन 1.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2047 तक 8.8 लाख करोड़ रुपये हो जाने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारत का रक्षा निर्यात मौजूदा 30,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2.8 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जिससे देश को इस क्षेत्र में वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति बनाने में मदद मिलेगी।

रिपोर्ट के अनुसार रक्षा बजट के पूंजीगत व्यय में भी बड़ी वृद्धि का संकेत है। बुनियादी ढांचे और आधुनिक उपकरणों पर होने वाला खर्च 27 फीसदी से बढ़कर 40 फीसदी होने की संभावना है। इसके अलावा रक्षा में अनुसंधान और विकास पर खर्च भी दोगुना होने का अनुमान है, जो 5.1 फीसदी से बढ़कर 10 फीसदी हो जाएगा। इस बीच रक्षा को आवंटित जीडीपी का हिस्सा 2 फीसदी से बढ़कर 4-5 फीसदी हो सकता है। हालांकि, रिपोर्ट में कई बाधाओं की ओर भी इशारा किया गया है, क्योंकि भारत महत्वपूर्ण सैन्य तकनीकों के लिए आयात पर निर्भर है, जो घरेलू आत्मनिर्भरता को कमजोर करता है। इसके साथ ही भारत 2047 ● शेष पेज 11 पर



# चौक मण्डल में बिजली चोरी में 5 लोगों पर एफ़आईआर दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन एवं पावर कारपोरेशन प्रशासन के निर्देश पर लखनऊ मध्य क्षेत्र में बिजली विभाग बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य लगातार छापेमारी कर रहा है। सोमवार को सुबह लखनऊ के अत्यंत संवेदनशील सघन आबादी वाले क्षेत्रों में बिजली चोरी के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान लखनऊ मध्य क्षेत्र के विद्युत वितरण मण्डल चौक के अधीक्षण अभियंता रमेशचंद्र पाण्डेय के आदेश पर नादान महल रोड उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों अशर्फाबाद, रानी सहब की बगिया एवं मल्लूहाता में चलाया गया था। अधीक्षण अभियंता रमेशचंद्र पाण्डेय ने बताया की सुबह 5 बजे से लेकर 8 बजे तक चले इस अभियान में कुल 15 स्थलों की जांच की गई, जिसमें 5 मामलों में विद्युत चोरी की पुष्टि होने पर धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इनके द्वारा कुल मिलाकर 12 किलोवाट की बिजली चोरी की जा रहीं थी। उन्होंने बताया की लाइन लॉस कम करने और बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में जांच के दौरान मौके पर केबिल में डायरेक्ट कटिया डाल कर और मीटर बाईपास कर चोरी करने के मामले पकड़े गए। रमेशचंद्र पाण्डेय ने आम जनता से अपील की है कि अगर किसी को अपने आस-पास बिजली चोरी की जानकारी हो तो वह या 1912 हेल्पलाइन नंबर पर गोपनीय रूप से सूचित करें। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा।

# लंबे इंतजार के बाद क्षेत्रवासियों को मिला अपना पहला राजकीय महाविद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**ग्रामीणों के दिन बहुरे अब स्नातक की पढ़ाई के लिए छात्रों को नहीं तय करनी होगी लंबी दूरी**

बंथरा। इलाके के लतीफ नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद नए शैक्षणिक सत्र 2025ऽ26 के लिए आज से आज से प्रवेश प्रारंभ हो जाएंगे। यहां पर स्नातक की कक्षाएं चलाई जाएंगी। इस वर्ष इंटरमीडिएट उत्तीर्ण हुए छात्र बीए में हिंदी, संस्कृत,अर्थशास्त्र, चित्रकला, शारीरिक शिक्षा,इतिहास, मनोविज्ञान एवं दर्शन शास्त्र तथा बीएससी में गणित, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान,भौतिक विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान के लिए तथा बीकॉम के सभी अनिवार्य विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय में आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से क्षेत्रवासियों एवं छात्रों में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में कोई भी महाविद्यालय ना होने से इंटरमीडिएट की पढ़ाई के बाद छात्र-छात्राओं को 20 से 25 किलोमीटर की दूरी तय कर स्नातक की पढ़ाई के लिए लखनऊ जाना पड़ता था। पूर्ववर्ती अखिलेश यादव सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रहे दिवंगद शारदा प्रताप शुक्ला के कार्यकाल में इस महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरंभ हुआ था। सरकार बदल जाने के बाद इसके निर्माण कार्य में सुस्ती आने और कई बार बजट संबंधी समस्याओं के चलते बीच-बीच में रुक-रुक कर आखिर योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में यह महाविद्यालय पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो चुका है और स्नातक की कक्षाएं आज से शुरू हो जाएंगी।

## अवध शिल्पग्राम में आयोजित होगा तीन दिवसीय आम महोत्सव



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अवध शिल्पग्राम में बैठक एवं निरीक्षण के दौरान अधिकारियों निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 में अधिक से अधिक आम की विशिष्ट किस्मों को प्रदर्शित किया जाय। किसानों तथा किसानों के आम को महोत्सव तक लाने एवं ले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय, जिससे किसाने को किसी प्रकार की समस्या न हो। इसके साथ ही विशिष्ट किस्म के आम उत्पादकों, विशेषज्ञों, प्रगतिशील किसानों द्वारा तकनीकी सत्र के माध्यम से अन्य किसानों को प्रोत्साहित किया जाय। 04 से 06 जुलाई तक चलने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 में विशेष सत्रों के माध्यम से निर्यात, प्रसंस्करण और आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा दिया जाय।

# नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम ने सोमवार को शहर भर में अतिक्रमण हटाने का सख़्त अभियान चलाया। यह कार्रवाई महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई थी। इसका मकसद शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना और नागरिकों को साफ-सुथरे सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराना है। जोन-2 में राजेंद्र नगर में विधायक निवास के पास बनी झुग्गी-झोपड़ियां और अस्थायी ढांचे हटाए गए। अभियान जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी की देखरेख में चला, जिसमें कर अधीक्षक ओम प्रकाश सोनी और 296 टीम शामिल रही। लोगों को जागरूक भी किया गया कि वे सड़कों और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा न करें। वहीं जोन-5 में नादरगंज व अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया में ठेले, गुमटी और काउंटर जैसे अतिक्रमण हटाए गए। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी नंदकिशोर के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस की मदद से हुई। इसके अलावा जोन-6 में लाल मस्जिद से सफ़ेद मस्जिद तक के क्षेत्र में 17 ठेले, 13 दुकानें हटाई गईं और कई सामान जब्त किया गया। नगर निगम ने साफ कहा है कि शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए ये अभियान आगे भी जारी रहेगा। अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नगराम कस्बा में वीरांगना ऊदा देवी को याद कर किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सांसद आर.के चौधरी व पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बताई उनकी वीरगाथा**

नगराम , लखनऊ। नगराम कस्बा में सोमवार को अमर शहीद वीरांगना उदा देवी पासी की जयंती मनाई गई। समारोह में उपस्थित जनसमूह ने उनके बलिदान को नमन किया और उनके साहसिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में लोकसभा मोहनलालगंज के सपा सांसद आर.के.चौधरी ने वीरांगना ऊदा देवी की अद्वितीय वीरता का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने 1857 की क्रांति के दौरान लखनऊ के सिकंदर बाग में सैनिक वेश में पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेज सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिया था। जब अंग्रेजों को इस बहादुरी की जानकारी हुई तो उनके अधिकारी ने गोली चलाने का आदेश दे दिया, जिससे वीरांगना उदा देवी शहीद हो गईं। साथ में मौजूद रहे पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने उनके जीवन की गाथा सुनाई और बताया कि उदा देवी ने किस प्रकार देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी उन्होंने कहा कि ऐसे वीरों की गाथा से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने कहा कि वीरांगना ऊदादेवी पासी का जन्म दिन हमे अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता। जयंती समारोह का आयोजन नगर पंचायत नगराम चेयरमैन प्रतिनिधि मोध सूफियान के द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की। कार्यक्रम में जय सिंह जयंत, शशिलेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी, अशर्फी लाल धीमान, हनीफ, ओम प्रकाश दिवाकर, सुभाष गुप्ता, प्रमोद कश्यप, बसंत रावत, मुन्ना, राम समुझ रावत, भोला लोधी, ओमकार लोधी, संदीप यादव, सर्वेश कुमार यादव, आनंद पासवान, अरिमर्दन रावत , हरी शंकर रावत, कलासर रावत सहित भारी बारिश के मौसम में भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई पुण्यतिथि

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी न्यू हैदरगंज तृतीय वार्ड के लोगों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया। वहीं इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को सुना। वहीं इस मौके पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हर घर माँ के नाम एक पौधा रोपण भी किया।

## लड़की का हाल-चाल पूछने पर पीटा, सर फटा

सरोजिनी नगर,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक लड़की का हाल-चाल पूछने पर (जिसको कुछ समय पहले सर्प ने काट लिया था) लड़की के घर के एक सदस्य ने युवक को पीट दिया जिससे उसका सर फट गया। बताते हैं कि न्यू रहीमाबाद की रहने वाली एक लड़की को सर्प ने काट लिया था इस पर पड़ोस के रवि प्रकाश जायसवाल हाल-चाल पूछने लगे इससे नाराज होकर लड़की के परिवार के प्रमोद तिवारी ने रवि को पीट दिया जिससे उसका सर फट गया। रवि प्रकाश ने बताया कि रविवार को वह लड़की को सांप काटने को लेकर पूछ रहे थे इसी दौरान प्रमोद तिवारी ने उन पर हमला कर दिया। रवि द्वारा दी गई तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## पैसों के विवाद में मारपीट,कार से खींचकर पीटा

सरोजिनी नगर,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर इलाके में भूमि विवाद को लेकर दो भाइयों को पीट दिया गया। जानकारी के अनुसार बीती 28 जून की देर रात नूर नगर भदरसा निवासी अभय और उनके भाई सनी यादव के साथ मारपीट की गई। सनी को फोन कर हनुमान मंदिर के पास बुलाया गया था जब दोनों भाई अपनी कर से वहां पहुंचे तो हिमांशु सिंह, सुधांशु सिंह, ज्ञान सिंह यादव, सचिन और संदीप समेत 6-7 अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। आरोपी भी दो कारों से आए थे। आरोपियों ने पहले गाड़ी पर पत्थर फेंके जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया फिर आरोपी दोनों भाइयों को गाड़ी से खींचकर पीटने लगे। जब दोनों भाई मदद के लिए चिल्लाए तब आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।इसके बाद आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित भाइयों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार भूमि और पैसों के लेनदेन का विवाद है। पुलिस ने पांचों नामजद सहित 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू की है।

## ड्राइवर पर लगाया ईऽरिक्शा चोरी का आरोप

लखनऊ, बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। आलमबाग सुजातपूरा लखनऊ निवासी ईऽरिक्शा मालिक सुरेश कुमार पुत्र राम आसरे ने बंथरा थाने में एक लिखित तहरीर देते हुए अपने ड्राइवर प्रमोद कुमार मिश्रा पुत्र बिहारी लाल मिश्रा बृहत नगर आलमबाग पर आरोप लगाया कि बीते 27 जून को चालक प्रमोद कुमार मिश्रा रोज के भांति ईऽरिक्शा मेरे घर से लेकर चलाने के लिए गया। शाम करीब 4 बजे प्रमोद कुमार मिश्रा ने फोन करके बताया कि ई ऽरिक्शा को मेरे साथ बैठा व्यक्ति कहीं लेकर चला गया। जब मैं चालक द्वारा बताए स्थान बंथरा के पास बिजनौर मोड़ पर पहुंचा और पूंछतांछ की तो वह अपना बयान बार-बार बदल रहा था। जिससे मुझे उसकी बात संदिग्ध प्रतीत हुई और पूरा संदेह है कि मेरा ईऽ रिक्शा प्रमोद ने ही गायब किया है मैंने ई-रिक्शा बहुत ढूंढा लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका।बंथरा पुलिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर रही है।

## वाहन स्वामी ने चालक पर लगाया ई रिक्शा चोरी का आरोप

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। आलमबाग सुजातपूरा लखनऊ निवासी ई ऽरिक्शा मालिक सुरेश कुमार पुत्र राम आसरे ने बंथरा थाने में एक लिखित तहरीर देते हुए अपने ड्राइवर प्रमोद कुमार मिश्रा पुत्र बिहारी लाल मिश्रा बृहत नगर आलमबाग पर आरोप लगाया कि बीते 27 जून को चालक प्रमोद कुमार मिश्रा रोज के भांति ईऽरिक्शा मेरे घर से लेकर चलाने के लिए गया। शाम करीब 4 बजे प्रमोद कुमार मिश्रा ने फोन करके बताया कि ई ऽरिक्शा को मेरे साथ बैठा व्यक्ति कहीं लेकर चला गया। जब मैं चालक द्वारा बताए स्थान बंथरा के पास बिजनौर मोड़ पर पहुंचा और पूंछतांछ की तो वह अपना बयान बार-बार बदल रहा था। जिससे मुझे उसकी बात संदिग्ध प्रतीत हुई और पूरा संदेह है कि मेरा ईऽ रिक्शा प्रमोद ने ही गायब किया है मैंने ई-रिक्शा बहुत ढूंढा लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका।

# पत्रकार को फोन पर दी गालियां व जान से मारने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर पीड़ित पत्रकार की सुनवाई न होने के बाद डीसीपी से की शिकायत, तब दर्ज हुआ मुकदमा**

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह पत्रकारों की कोई बात नही सुनते। अगर उनसे कोई घटना की डिटेल लेना चाहें तो वह भी नही बताते। अगर किसी घटना में पत्रकार पीड़ित हो तो उसे न्याय मिलेगा या नहीं इस बात की कोई गारंटी नही है। और तो और वह सरकारी फोन सीयूजी भी बहुत कम उठाते है। 28 जून को दिए गए प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज नही किया। पीड़ित डा राजपाल सिंह चन्द्रलोक कालोनी मादरमऊ खुर्दही में अपने परिवार के साथ रहता है। उन्होंने बताया कि मेरे मकान के सामने फौज में तैनात सुनील सिंह का मकान है जिनका दरवाजा पश्चिम दिशा की ओर है। लेकिन पीछे पड़ी जमीन पर कब्जा करने के चक्कर में पूरब दिशा की तरफ यानी मेरे घर के सामने की ओर भी दरवाजा खोल कर खाली पड़ी जमीन पर बांस बल्ली से कब्जा कर लिया गया। पीडित के सामने 25 फिट चौड़ी सड़क है जब अपने सामने सड़क के किनारे जब सुंदरीकरण के लिए पेड लगवा दिया। तब 25 जून बुधवार को सुनील सिंह के भाई सनी सिंह ने मोबाइल नंबर 7786990946 से फोन करके भद्दी-भद्दी गालियां दी और जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की बात बोली। फोन पर बोला कि आपने पेड कैसे लगा दिया। हम राजपूत हैं आपकी हालत खराब कर देगें। जिसकी शिकायत के लिए जब प्रार्थी ने सुनील सिंह को फोन किया तो उन्होंने बोला कि व्हाट्सअप कल करिये, जब हमने कल किया तो उन्होंने बोला की व्हाट्सअप कल करो, जब हमने कल किया तो वह उल्टे हमें ही धमकाने लगे जब हमने बोला कि हम उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज से शिकायत करेंगे तो वह उन्हें भी गाली देने लगे और बोले कि अगर आपने पेड लगाया होगा तो देखिएगा हम अपनी आर्मी में शिकायत करेंगे। कि आप हम लोगो को परेशान कर रहे हैं। प्रार्थी पत्रकारिता से भी जुड़ा हुआ है। जिसके काम से रात दिन मुझे कभी भी क्षेत्र में निकलना होता है लेकिन इस मामले के बाद से पीड़ित बहुत ही डरा व सहमा हुआ और मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहा है। पीड़ित ने बताया कि उपरोक्त प्रकरण की कॉल रिकार्डिंग के पास सुरक्षित है।

# अखिलेश यादव के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर फैजुल्लागंज में आयोजित हुआ वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर फैजुल्लागंज में समाजवादी ममता त्रिपाठी के संयोजन में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी पूजा शुक्ला ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की जड़े व नैतिक पूंजी हैं। समाजवाद की चेतन को पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रखने में उनका योगदान अमूल्य है समाजवादी आंदोलन की आत्मा को जीवित रखने और भावी पीढ़ियों में उसे संचारित करने में उनका योगदान अतुलनीय है। समारोह में 109 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। वहीं इस मौके पर समाजवादी ममता त्रिपाठी ने कहा कि वरिष्ठ जनों को सम्मान देना समाजवादी संस्कृति का मूल है इस परंपरा को हम आगे भी जीवित रखेंगे।

# भाजपा महानगर पदाधिकारियों ने उठाया मैंगो पार्टी का लुत्फ



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी के नेतृत्व में माल स्थित आम के बाग में भाजपा लखनऊ महानगर पदाधिकारियों ने एक साथ चौसा, लंगड़ा, सुंदेरी, बंबईया, कई प्रकार के देशी आमो का लुफ्त उठाया। इस मौके पर लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, अशोक तिवारी, सौरभ वाल्मीकि, राकेश सिंह, विनायक पाण्डेय, अभिषेक खरे, चंद्र प्रकाश अवस्थी, सतीश मिश्रा, सतेंद्र सिंह, यू एन पाण्डेय, मनोज गुप्ता, अनुराग सत्या, राकेश गुप्ता, संकेत मिश्रा, अरविंद मिश्रा व आनन्द पाण्डेय मौजूद रहे।

# 176 मेधावियों को मिली साइकिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अवादा फाउंडेशन ने मऊ के 176 मेधावी छात्रों को साइकिलें प्रदान की, जिससे उनकी शिक्षा जारी रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री एके शर्मा ने 176 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और साइकिल वितरित की। इसमें 56 छात्र और 120 छात्राएं हैं, जिसमें हाई स्कूल के 103 और इंटरमीडिएट के 73 मेधावी छात्र है। वहीं इस मौके पर अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा कि हमें गर्व है कि हम इन बच्चों के सपनों को गति दे पा रहे हैं। ये साइकिलें शिक्षा की दिशा में एक और मजबूत कदम हैं, जिससे न केवल छात्र, बल्कि पूरा समाज आगे बढ़ता है।

## सहायक लेखाकार को दी गई विदाई

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार को सहायक लेखाकार रहे श्री राम सागर सेवानिवृत्त हो गये। विश्वविद्यालय के स्थापना काल के कर्मचारी रामसागर को विदाई दी गयी। इस मौके पर कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय ने उनके योगदान की सराहना करने के साथ ही उनके कार्यकाल को याद किया। कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना काल से रामसागर ने अपने 25 सालों में कर्मठ कर्मचारी के रूप में कार्य किया। इस मौके पर रामसागर ने भी विश्वविद्यालय में बिताये अपने पलों को याद किया। विदाई समारोह में सभी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**डीएम ने कहा–जनपद की रैंकिंग में सुधार लाए अधिकारी**

**रैंकिंग खराब होने पर होगी कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जनपद के हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास एवं निर्माण कार्यों सहित संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को समय से और गुणवत्तापरक पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में जिन विभागों की रैंकिंग ठीक नहीं है,नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपने कार्यों की प्रगति में सुधार लाए, जिन विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने कार्यों की प्रगति में संतोषजनक सुधार नहीं किया जाएगा, उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति भी संतोषजनक न होने पर निर्देशित किया गया कि समयबद्ध कार्यों को गुणवत्ता व मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए। छात्रवृति व फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिलाया दिलाया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा,जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार,पीडी सतीश प्रसाद मिश्रा सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## आरडीए ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई



रायबरेली। रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध रुप से की गयी प्लाटिंग को ध्वस्तीकरण अभियान के अन्तर्गत प्राधिकरण टीम द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार एवं पुलिस बल थाना-भदोखर एवं मिल एरिया की उपस्थिति में जोन-6 में की गयी अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जिसमें अजय कुमार अग्रवाल एवं रीता अग्रवाल द्वारा लगभग-20,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर ग्राम-राधानगर, जगदीशपुर, गजोधर पुर, दूली महरानी मन्दिर के निकट। इसी प्रकार अजय कुमार अग्रवाल एवं रीता अग्रवाल द्वारा लगभग-25,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल ग्राम-बेहटासुई, दूली महरानी मन्दिर के निकट नाला पुल के समीप एवं बृजेश सोनकर द्वारा लगभग 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर गंदानाला के निकट परशदेपुर रोड़ किशुन का पुरवा, रायबरेली। अवैध निर्माण/अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध आगे भी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाती रहेगी।

## ब्लॉक प्रमुख हरचंदपुर ने पूजन अर्चन कर मेमोरियल हॉस्पिटल का किया शुभारंभ



रायबरेली। डलमऊ में बाबू शिवबरन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल का ब्लॉक प्रमुख हरचंदपुर पियूष प्रताप सिंह ने विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर किया शुभारंभ सुंदरकांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं में प्रसाद ग्रहण किया। डलमऊ विकासखंड क्षेत्र के ग्राम मलियापुर निकट गंग नहर रायबरेली रोड डलमऊ में रविवार को बाबू शिवबरन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल का शुभारंभ हरचंदपुर के ब्लॉक प्रमुख पीयूष प्रताप सिंह ने विद विधान के साथ पूजा आर्चन किया और और साथ में सुंदरकांड के पाठ के बाद भंडारे का शुभारंभ किया जिसमें अस्पताल में हड्डी रोग हृदय रोग लिवर स्त्री रोग विशेषज्ञों के साथ अन्य मरीजों के इलाज की व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध रहेगी उपरोक्त जानकारी अस्पताल के निर्देशक डॉक्टर सिद्धांत सिंह एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनुष्ठान सिंह जहाजी ने बताया कि डलमऊ क्षेत्र में इस तरह का कोई अस्पताल नहीं था। जिस समय पर क्षेत्रवासियों का इलाज हो सके इसी को देखते हुए क्षेत्र में अस्पताल का शुभारंभ किया गया है जिसमें उनके पिता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह जहाजी का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर उपरोक्त कार्यक्रम में शामिल होने वालों में डॉ प्रिया सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना सचान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप यादव पूर्व विधायक सरेनी अशोक सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजेश सिंह बहराना वीरेंद्र सिंह कछवाहा बाबी पंडित सुरेश रैना राहुल यादव रवीद्र सिंह गजेंद्र सिंह कांग्रेस नेत्री राजकुमारी साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासीगढ़ मौके पर उपस्थित थे।

## महिला की पुस्तैनी भूमि पर दबंगों का कब्जा

**लगातार शिकायत के बाद भी नही हुई कार्यवाही, मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे दयाराम तिवारी मजरे कोलवा गांव का धर्मेन्द्र वर्मा नसीराबाद**

रायबरेली। थाना क्षेत्र के पूरे दयाराम तिवारी मजरे कोलवा गांव में दबंग जबरन एक गरीब महिला के पति और सास के नाम दर्ज पुस्तैनी जमीन पर कब्जा करने की नियत बनाये हुए हैं। पीड़ित महिला ने मामले कि शिकायत स्थानीय थाना में करते हुए कार्यवाही करने की मांग किया है साथ ही जिलाधिकारी और आईजीआरएस पर शिकायत किया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि दबंगों द्वारा जबरन उसकी पुस्तैनी जमीन गाटा संख्या 808 का जो कि उसके सास और पति के नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है। कब्जा करके फसल उगाया जा रहा है, विरोध करने पर मनबढ़ दबंग लोग उसके साथ गाली गलौज मारपीट कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे दयाराम तिवारी मजरे कोलवा गांव की रहने वाली रेशमा पत्नी सियाराम ने बताया कि उसके पति के नाम पुस्तैनी भूमि गाटा संख्या 808 क जिसमें उसके पति सियाराम और सास सुन्दारा बतौर सह खातेदार भूमिधर दर्ज है। जिसपर परिवार के ही सहखातेदार राम आसरे,संतू पुत्रगण गजाधर पूरी भूमि पर जबरिया कब्जा कर खेती कर रहें है। पीड़ित सहखातेदार होने के बाद भी उक्त दबंग लोग भूमि हड़पने की नीयत से कब्जा नही दे रहें है। पीड़िता के विरोध करने पर उक्त लोग उसे गाली गलौज करते हुए कहने लगे कि अगर कहीं शिकायत की तो तुमको जान से गारकर इसी खेत में डाल देंगे। पीड़िताके विरोध करने पर मारपीट करने लगे और पीड़िता का बाल पकडकर जमीन पर गिरा दिया। जिससे पीड़िता के कपड़े अस्त व्यस्त हो गए उक्त लोग काफी दबंग और शोरेपुस्त है। पूरे मामले की शिकायत स्थानीय थाना में करते हुए पीड़ित महिला ने दबंगों पर कार्यवाही करने की मांग की है। थानेदार कमलेश कुमार का कहना है कि शिकायत मिली है,जांच करवा कर कार्यवाही की जाएगी।

## चंदापुर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

महराजगंज,रायबरेली। न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के मामले में चंदापुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि प्रथम अपर प्रधान न्यायाधीश रायबरेली द्वारा चंदापुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोनार मजरे बघैल मोहब्बत नगर निवासी गंगा राम पुत्र पितई को न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के तहत चंदापुर पुलिस ने धर दबोचा और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में चंदापुर थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी का कहना है कि न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। जिसका अनुपालन करते हुए गंगा राम पुत्र पितई को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# साइकिल से मॉर्निंग वॉक पर निकला बुजुर्ग को अज्ञात अनियंत्रित पिकअप ने मारी टक्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। सोमवार की सुबह लगभग 6 साइकिल से मॉर्निंग वॉक पर निकला एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को अज्ञात अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे वह साइकिल समेत गहरी खाई में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से तुरंत घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लादकर घायल को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक बाराबंकी जनपद के थाना हैदरगढ़ के गांव लाही बॉर्डर का रहने वाला जानकी प्रसाद (60) पुत्र राम विशुन पिछले 10 वर्षों से टाउन एरिया महराजगंज के वार्ड नंबर 4 में स्थित एक सर्राफा की दुकान पर काम करता है। आज सोमवार को सुबह लगभग 6 बजे वह अपने कमरे से अपनी साइकिल पर सवार होकर मॉर्निंग वॉक पर निकला था। जैसे ही वह टूक गांव के पास पहुंचा ही था, तभी शिवगढ़ की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात पिकअप ने उसकी साइकिल में सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे जानकी प्रसाद साइकिल समेत गहरी खाई में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों और राहगीरों की मदद से उसे खाई से निकाला गया। तत्काल घटना की सूचना एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लादकर घायल को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसके शरीर पर गहरी छोटे होने की वजह से बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है यदि परिजनों द्वारा तहरीर मिली तो पिकअप समेत चालक की तलाश कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## महिला का शव लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी

फिरोजाबाद । थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार को एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला। मृतका दो बच्चों की मां है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाई है।थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के मौहल्ला मेला वाला बाग निवासी पूनम (35) यहां किराए के मकान में रहती थी। पूनम के पति अजय कुमार पूना में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी दो बेटियां हैं- 8 वर्षीय आरुषि और 6 वर्षीय गुड्डी। सोमवार को पूनम का शव उनके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने पुलिस को बुलाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है।परिजनों के अनुसार, पूनम की शादी 12 साल पहले हुई थी। घर में उनकी ननद राधा भी रहती हैं।

# कोयला व्यवसायी पर 4 लाख रुपये मांगने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप

**पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध किया मुकदमा दर्ज, दो आरोपी अज्ञात**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। थाना खीरों क्षेत्र अंतर्गत एक कोयला व्यवसायी से रुपये मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। रुपये वापस मांगने पर व्यवसायी ने अपने साथियों संग मिलकर युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कमालपुर निवासी सूरज सिंह पुत्र सर्वेश कुमार सिंह ने खीरों थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसने कोयला व्यवसायी धीरेन्द्र सिंह पुत्र बबलू सिंह निवासी कोरारी चकलबंशी, जनपद उन्नाव को कोयले के व्यापार में 4 लाख रुपये दिए थे। जब उसने धीरेन्द्र से अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने न केवल गंदी-गंदी गालियां दीं, बल्कि जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा। पीड़ित ने यह भी बताया कि धीरेन्द्र सिंह के साथ संगम सिंह पुत्र सुखेन्द्र सिंह निवासी बनपुरवा थाना कोतवाली लालगंज तथा दो अन्य अज्ञात लोग भी मौजूद थे, जिन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सूरज सिंह की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंसेट - थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है, दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# डलमऊ के विकास कार्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिले नगर पंचायत अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**रायबरेली।** डलमऊ कस्बे के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत डलमऊ के अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने रविवार को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर अपने बेटे शुभम गौड़ के साथ डलमऊ के विकास कार्यों को लेकर मुलाकात किया। जिसमें उन्होंने बताया कि डलमऊ नगर पंचायत के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए बजट की बढ़ोतरी करना नमामि गंगे योजना के तहत महावीरन घाट से लेकर तराइन घाट तक गंगा के किनारे सीडियो का निर्माण डलमऊ के प्रसिद्ध राजा दल देव के किले का जीणोधार प्रयागराज बिलग्राम राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर रायबरेली फतेहपुर मार्ग के फोर लाइन प्रस्ताव होने के कारण कस्बा मुराई का बाग में बड़ी संख्या में मकान एवं बाजार आती है। जिसके कारण रायबरेली जिले के बछरावां कस्बा की तरह बाईपास निर्माण किए जाने की मांग सहित कई अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन देकर डलमऊ के विकास कार्यों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री का ध्यान डलमऊ पर आकर्षक किया। उन्होंने प्रेस के मुख्यमंत्री को बताया कि डलमऊ कस्बे में राज्य स्तरीय ए कार्तिक पूर्णिमा मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें लगभग 14–15 लाख श्रद्धालु मां पतित पावनी भागीरथी में स्नान करते हैं तथा प्रत्येक महीने की पूर्णिमा एवं अमावस्या पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं।

# एसएमसी को नजरंदाज कर बंद किए जा रहे प्राथमिक विद्यालय: राजेश शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देशानुसार विद्यालय मर्जर आदेश के संबंध में ब्लाक संसाधन केंद्र ऊंचाहार पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला,संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष पंकज द्विवेदी, ऊंचाहार अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह की उपस्थिति में सैकड़ों शिक्षकों,ग्राम प्रधानों,विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष,अभिभावकों,अनुदेशक, शिक्षा मित्रों ने ब्लॉक में बैठक करके आक्रोश प्रदर्शित किया।जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद करने का काम किया जा रहा है,एसएमसी को एकदम नजरंदाज कर दिया गया है। जिलामंत्री मुकेश द्विवेदी ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे।संघर्ष समिति अध्यक्ष पंकज द्विवेदी और जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई ने कहा कि संविधान कहता है कि बच्चों को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि विभाग कैसे मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद कर सकता है। ऊंचाहार अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि विभाग आज मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद करने पर आमादा है। जनपदीय उपाध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने कहा कि आरटीई एक्ट कहता है कि प्रत्येक बच्चे को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा कि विभाग अपनी मनमानी के आगे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। तहसील प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं। मंत्री राकेश जायसवाल ने कहा कि संगठन का संघर्ष का इतिहास रहा है,संगठन इसकी भी लडाई लडेगा।संघर्ष समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि इस उत्पीडन के खिलाफ क्रमबद्ध लडाई लडनी पडेगी। जनपदीय उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी व सुधीर सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी,ग्राम प्रधान,विद्यालय प्रबंध समिति,अभिभावकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा। हरचंदपुर अध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी,डलमऊ अध्यक्ष योगेश सिंह,जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह,सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी,महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी,सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय,डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा,खीरों अध्यक्ष नीरज हंस,छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय,बछरावां अध्यक्ष अमन शुक्ला,रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला के नेतृत्व में ब्लाक स्तर पर ग्राम प्रधानों,एसएमसी अध्यक्षों,अभिभावकों की बैठक कर विद्यालय प्रबंध समितियों के प्रस्ताव संकलित किए गए।इस अवसर पर मोहम्मद सगीर,अभिषेक मिश्र,अनुज त्रिवेदी,रमेश सिंह, मुकुट बिहारी मिश्र,शांत कुमार सिंह आदि शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# निजीकरण के खिलाफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने भरी हुंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, गोरखपुर ने कहा है कि ऊर्ज़ा निगमों में आपातकाल लगाकर पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन निजीकरण का टेंडर निकालने की साजिश रच रहा है। निजीकरण के किसी भी टेंडर के पहले संघर्ष समिति ने सवाल किया है कि किस स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के आधार पर निजीकरण किया जा रहा है, उसे सार्वजनिक किया जाय। टेंडर जारी होते ही जेल भरो आंदोलन शुरू करने की तैयारी में आज झांसी और पारीछा में विशाल आम सभा हुई।संघर्ष समिति के पदाधिकारियों इं. जीवेश नन्दन, इं. जितेन्द्र कुमार गुप्त, इं. शिवमनाथ तिवारी, इं. अमित आनंद, इं. सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि शक्ति भवन के प्रबंधकीय गलियारों में यह चर्चा है कि बड़े पैमाने पर उत्पीड़न और दमन कर ऊर्ज़ा निगमों में आपातकाल लगाकर प्रबन्धन पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के टेंडर जारी करने की कोशिश में है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता पूरी तरह सतर्क हैं और प्रबन्धन की ऐसी किसी भी साजिश का करारा जवाब दिया जाएगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार टेंडर जारी होते ही बिजली कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता किसानों तथा गरीब व मध्यमवर्गीय घरेलू उपभोक्ताओं के साथ मिलकर सामूहिक जेल भरो आंदोलन शुरू कर देंगे जिससे उत्पन्न किसी भी स्थिति की सारी जिम्मेदारी प्रबन्धन की होगी।

# पेड़ काटने से मना करने पर एक राय होकर दी गालियां, जान से मारने की धमकी

**17 लोगों पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की विवेचना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। थाना क्षेत्र के महरानीगंज गांव में पेड़ काटने से रोकना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। विरोध करने पर गांव के ही 17 लोगों ने एक राय होकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर खीरों पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सिघौंर पोस्ट महरानीगंज निवासी अमर सिंह पुत्र नरेन्द्र बहादुर सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि ग्राम महरानीगंज निवासी कुछ लोग जबरन पेड़ काट रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो रफीक पुत्र बहादुर बक्स, आरिफ पुत्र रहूप, लतीफ पुत्र हुसैन बक्स, बल्ला पुत्र हुसैन, आसिफ पुत्र रहूप, जाहिद पुत्र हुसैन बक्स, मो. लतीफ पुत्र हुसैन बक्स, गुफरान पुत्र इसाक, मो. हाफिज पुत्र हुसैन बक्स, मो. वसीम पुत्र मो. रसीद, मो. आसिफ पुत्र रयूफ, मो. समीम पुत्र मो. रफीक, मो. सरीफ पुत्र मो. रफीक, रसीद पुत्र बहादुर बक्स, तनीफ पुत्र बहादुर बक्स, इलियास पुत्र मो. इसहाद और मो. सलीम पुत्र मो. रहीस ने एक राय होकर उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देने लगे।इंसेट - थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबकर दो मासूमों की मौत

मीरजापुर । पड़री थाना क्षेत्र के अपर हिनौती गांव में पाइपलाइन कार्य के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में डूबकर अंश उर्फ गोलू (8) और आर्यन (10) की मौत हो गई। इस हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है, वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।अंश कक्षा 2 और आर्यन कक्षा 3 का छात्र था। सुबह लगभग 10 बजे दोनों खेलते-खेलते गांव के बाहर नीम के पेड़ के पास पहुंच गए, जहां पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदा गया करीब 10 फीट गहरा गड्ढा बारिश के पानी से लबालब भरा था। मासूम बच्चों को गहराई का अंदाजा नहीं हुआ और वे उसी में डूब गए।तीन घंटे बाद जब बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। नीम के पेड़ के पास उनकी चप्पलें देखकर शंका हुई। उसके बाद गड्ढे में तलाश की गई। वहां से दोनों को बेहोशी की हालत में बाहर निकालकर तत्काल समसपुर चुनार स्थित एपेक्स हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# हलधरमऊ ब्लॉक में मनरेगा योजना का सत्यानाश!

**ग्राम पंचायतवीरपुर, हरसिंहपुर, बमडेरा, धोबहाराय गुड़सरा, बरवलिया कुर्मी,उमरिया,सोनवार में लूट**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मनरेगा योजना में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा व सीडीओ अंकिता जैन काफी सख्त हैं।इसके बाव जूद सिस्टम बेपटरी है और केंद्र सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाने का खेल लगातार राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहा है।मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर धांधली को लेकर जिले का बेलसर ब्लॉक इन दिनों सुर्खि यों में है।आरोप है कि यहां ब्लॉक प्रमुख व कुछ अन्य लोगों की छांव में इस योजना को पलीता ल गाने का खेल खेला जा रहा है,आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख व कुछ अन्य लोगों की छांव में इस योजना को पलीता ल गाने का खेल खेला जा रहा है ब्लॉक हलधरमऊ की ग्राम पंचायत वीरपुर ,हरसिंहपुर,बमडेरा,धोबहाराय गुड़सरा बरवलिया कुर्मी,उमरिया,सोनवार और असरना में जिस तरह मनरेगा योज ना को पलीता लगाने का खेल ब्लॉक प्रमुख व विधायक के कुछ अन्य करीबियों के संरक्षण में चल रहा है।हलधरमऊ ब्लॉक के ग्राम पंचायतो में न सिर्फ वित्तीय अनियमितता की पटकथा लिखी जा र ही है बल्कि विधायक और ब्लॉक प्रमुख के नाम को भी बदनाम कि या जा रहा है।स्थिति यह है कि गांवों में दबी जुबान लोग कहने लगे हैं।ऐसे में चाहे जो करें।सैंया भए कोतवाल अब डर काहे का।वही ग्राम पंचायतो में ढीठ और राजनीतिक संरक्षण प्रा प्त ग्राम प्रधानो ने उमस भरी गर्मी के दौरान भी का गजों में मनरेगा श्रमिकों से काम करा रहे थे।वीरपुर हर सिंहपुर, बमडेरा, धोबहाराय गुड़सरा, बरवलिया कुर्मी, उमरिया, सोनवार और असरना में में फर्जी तरी के से मस्टर रोल चल रहा था।वही ग्रामीणों का कहना है कि आखिर यहां मनरेगा योजना में भ्रष्ठ चार पर कब नकेल लगेगी।

बताते चलें कि हलधर मऊ विकास खंड की ग्राम पंचायत वीरपुर और सो नवार में मनरेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डबल रोल का खेल बदस्तूर जारी मिला है।ग्रा मीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के ना म पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लि या जाता है।ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीण इसके लिए खंड विका स अधिकारी और एपीओ को ज्यादा जिम्मेदार ब ता रहे हैं।जिले के हलधर मऊ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में लूट मची हुई है।यहां की ग्राम पंचायत गुड़सरा सोनवार वीरपुर, हरसिंह पुर और धोबहाराय में तो प्रधान के रसूख और पद के नशे के चलते केंद्र सरकार की इस अति महत्वा कांक्षी योजना का बंटाधार किया जा रहा है। एक दिन में कहीं 155,तो कही 128 तो कही 127 तो कही 118 तो कही 80 तो कहीं 75 श्रमिकों का मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की न सिर्फ बंद रबांट की जा रही है,बल्कि सरकार की मंशा पर भी पानी फ़ेरा जा रहा है।

सूत्र बताते हैं प्रधान खुद को बीजेपी विधायक और ब्लॉक प्रमुख का करीबी ब ताता है,जिससे वह सत्ता की छत्रछाया में अपना दबदबा प्रदर्शित कर क्षेत्र के लोगों के साथ ही अधि कारियों पर भी दबाव बनाने का काम करता है य ही वजह है कि उक्त ग्राम पंचायत में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत तालाब खु दाई व नाला सफाई का कार्य दिखाकर धन की बंद रबांट की जा रही है।हद तो यह है कि यहां एक दि न में कही 155,तो कही 128 तो कही 127 तो क ही 118 तो कही 80 तो कहीं 75 श्रमिकों की हा जिरी लगाई जा रही है,जबकि सूत्र बताते हैं कि ध रातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम करते हैं।इ स कारनामे को अंजाम में सिर्फ प्रधान ही जिम्मेदा र नहीं है, बल्कि ब्लॉक के जिम्मेदार अफसर ब्लॉ क प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें बराबर की हि स्सेदारी बताई जाती है,जो कमीशन के चक्कर में अपना ईमान तक बेच देते हैं।फर्जी मस्टर रोल भर कर सरकारी धन की जमकर लूट की जा रही है। प्रधान ने गांव में कागजों में विकास की गंगा बहा दी है।

बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए ग्राम पंचायत गुड़सरा, सोनवार,वीरपुर, हरसिंह पुर और धो बहाराय के प्रधान ने ऐसा जाल बुना कि जिले के विकास भवन में बैठे साहब भी गच्चा खा गए। गांव वालों का आरोप है कि ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है।ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी नौकरी को दांव पर लगाकर इस लूट में शामि ल बताए जाते हैं।इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके हेराफ़ेरी की जा रही है।साथ ही एनएमएमएस ऐप जो पारदर्शिता के लि ए बनाया गया था,अब भ्रष्टाचार का जरिया बना लिया गया है।पंचायतों के निर्माण कार्य की मॉनी टरिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं,जबकि इस तरह का फर्जीवाड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं,जो प्रश्न चिन्ह है।सबूत होने के बाद भी जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं।इससे भी गड़बड़ी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार मनरेगा योजना को पलीता लगा रहे हैं।

इस संबंध में डीसी मनरेगा जनार्दन यादव का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी।

## इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु तिथि निर्धारित11 व 12 जुलाई को आयोजित होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

बहराइच । जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द ने बताया कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु

**19 जुलाई को सम्पन्न होगी लिखित परीक्षा**

आनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 11 एवं 12 जुलाई 2025 को आयोजित की जायेगी। जबकि हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट की लिखित परीक्षा 19 जुलाई 2025 प्रथम पाली में प्रातः 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट लिखित परीक्षा 19 जुलाई 2025 को द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज बहराइच में सम्पन्न होगी। श्री नन्द ने बताया कि हाईस्कूल में 170 तथा इण्टरमीडिएट के 187 परीक्षार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी सम्बन्धित प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि विद्यालय से आवेदित परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थिति सुनिश्चित करायें।

# दिव्यांग मतदाताओं के लिए बाधा रहित स्वच्छ वातावरण तैयार करने में सहयोग करें विभाग: एडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता 5

बहराइच । जनपद के शत-प्रतिशत अर्ह दिव्यांगजनों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन (डीएमसीएई) की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण बी.पी. सत्यार्थी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शिखा श्रीवास्तव सहित सहित समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा व आईसीडीएस विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।एडीएम श्री रंजन ने बताया कि आयोग द्वारा प्रत्येक त्रैमास पर 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई व 01 अक्टूबर के आधार पर 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराये जाने हेतु आनलाइन अथवा ऑफ लाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

श्री रंजन ने कहा कि आयोग की मंशा है कि अर्हता रखने वाले शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों का नाम मतदाता में दर्ज हो। मतदाता सूची में विधानसभावार दर्ज दिव्यांगजनों का विवरण प्रस्तुत करते हुए एडीएम ने बताया कि वि.स. बलहा में पुरूष 1840 व महिला 935 कुल 2775, नानपारा में पुरूष 1612 व महिला 871 कुल 2483, मटेरा में पुरूष 1844 व महिला 967 कुल 2811, महसी में पुरूष 2262 व महिला 1147 कुल 3409, बहराइच में पुरूष 2290 व महिला 1513 कुल 3802, पयागपुर में पुरूष 2268 व महिला 1277 कुल 3545 तथा कैसरगंज में पुरूष 2551 व महिला 1536 कुल 4087 इस प्रकार जनपद में कुल 22913 दिव्यांग मतदाताओं में पुरूष की संख्या 14667 व महिला 8246 हैं।एडीएम श्री रंजन ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य यही है कि विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाय ताकि लोकतन्त्र के महापर्व में वह भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न अवसरों पर आयोजित होने वाले शिविरों एवं कार्यक्रमों में दिव्यांगजनों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाय कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें तथा जब भी कोई निर्वाचन हो तो अपने मताधिकार का प्रयोग भी अवश्य करें।श्री रंजन दिव्यांगजनों के नामांकन एवं संवेदीकरण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन कर स्वीप योजना अन्तर्गत पूर्व में नामित किये गये पी.डब्लू.डी. आईकान मिथिलेश कुमार जायसवाल, थर्ड जेण्डर आईकान तानिया तथा स्वीप आईकान श्रवण कुमार मिश्रा व अनुराग चौधरी का भी सहयोग प्राप्त करें। श्री रंजन ने कहा कि भविष्य में होने वाले चुनाव में जिले के शत प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने हेतु बाधा रहित स्वच्छ वातावरण तैयार करना आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन यूटा ने गौरा विधायक के प्रतिनिधि को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। न्यून छात्र संख्या को आधार पर विभिन्न परिष दीय विद्यालयों की पेयरिंग/मर्ज किये जाने के विरोध में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन(यूटा) छपिया द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ.मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में गौरा के विधायक एडवोकेट प्रभात कुमार वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया।विधायक के समक्ष शिक्षकों की पीड़ा को व्यक्त करते हुए डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा को सर्वसुलभ व सुगम बनाने के लिए भारतीय संसद द्वारा बनाये गये शिक्षा का अधिकार अधिनिय म-2009 में यह उल्लेख किया गया है प्रत्येक 300 की आबादी वाले मजरे/गॉवों में और प्रत्येक एक कि मी. के दायरे पर प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की जायेगी।किसी भी गॉव/मजरे में स्थापित प्राथमिक विद्यालयों को सिर्फ गिनती में समेटना गैर-संवैधानिक है।हमारे प्राथमिक विद्यालयों में समाज की मूल धारा से संबंधित बच्चों के अतिरिक्त वंचित शोषित कमजोर वर्ग संबंधित बच्चे भी शिक्षित होकर राष्ट्र के सजग प्रहरी बनने की ओर अग्रसर होते हैं।आबादी से निकटतम दूरी में विद्यालयों की स्थापना होने से बालिकाओं को आसानी के साथ भयमुक्त माहौल में शिक्षा प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त होता है। यदि छात्र संख्या के आधार पर विद्यालय बंद कर दिये जायेंगें तो तमाम बच्चे खासकर बालिकाएं शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित हो जायेंगी।विद्यालयों की संख्या घटने से अत्यल्प मानदेय पर सेवा दे रहीं रसोइयों की छंटनी होने की आशंका है। शिक्षकों के नवीन पद भी कम हो जायेंगें जिससे कि तमाम पात्र डिग्रीधारक युवाओं के समक्ष बेरोजगारी का संकट भी बढ़ने की आशंका रहेगी।संगठन ने विधायक से पूर्ण विश्वास के साथ यह अपेक्षा की है वे अपने स्तर से हम शिक्षकों की पीड़ा को मुख्यमंत्री तक पहुँ चाकर छात्र-शिक्षक-समुदाय के हित में विद्यालयों की पेयरिंग/मर्जिग रोकवाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।ज्ञापन को स्वीकार करते हुए विधायक ने यह आश्वासन दिया है कि वे शिक्षकों व यूटा की मॉग को मुख्यमंत्री तक पहुँचाकर यथोचित निर्णय कराने का प्रयास करेंगें।ज्ञापन देने के लिए पहुँचे प्रतिनिधिमंडल में जग प्रसाद जायसवाल संस्थापक जैनेंद्र प्रताप सिंह संरक्षक विकास वर्मा ब्लॉक मंत्री रत्नेश कुमार वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष दया शंकर सिंह महासचिव अजीत पटेल कोषाध्यक्ष अजय कुमार संगठन मंत्री संजय कुमार वर्मा संगठन मंत्री विनय वर्मा मार्गदर्शक प्रवीण कुमार सिंह सचिव एवं प्रचार मंत्री अरविंद सिंह अजीत यादव राजेश पटेल विनोद यादव समेत संगठन के दर्जनों पदाधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे।

# झाड़ियों में मिला नवजात बच्ची का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। शहर के सिविल लाइन इलाके सर्किट हाउस के पास उस समय हड़कंप मच गया जब सोमवार सुबह दस बजे आसरा आवास के बगल की झाड़ियों में एक नवजात बच्ची का शव पड़ा मिला।शव पर चीटियों की भरमार थी और पास से गुजर रहे लोगों ने जब यह दृ श्य देखा तो दहशत में आ गए।वही स्थानीय लोगों की सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थ ल का मुआयना किया।पुलिस ने बच्ची के शव को क ब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में यह प्रतीत हो ता है कि किसी ने लोकलाज या अवैध संबंधों के चलते जन्म के तुरंत बाद बच्ची को फेंक दिया।वही यह घ टना न सिर्फ एक क्रूरता की मिसाल है,बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सोच और अनचाहे गर्भ को लेकर गहरी चिंता भी पैदा करती है।एक मासूम जान को सिर्फ सामाजिक बदनामी के डर से दुनिया में आने केको सिर्फ सामाजिक बदनामी के डर से दुनिया में आने के कुछ ही घंटों में झाड़ियों में फेंक देना इस बात का प्रमाण है कि आज भी समाज में मानसिकता बदलना बाकी है।

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खं गालने की कोशिश की जा रही है ताकि उस निर्दयी मां या संबंधित व्यक्ति का सुराग मिल सके जिसने यह घि नौना काम किया।पुलिस का कहना है कि जल्द ही आ रोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।वही इस हृदय विदार क घटना के बाद गोंडा शहर के लोगों में गुस्सा है। नाग रिकों और सामाजिक संगठनों ने ऐसी घटनाओं पर स ख्त कार्रवाई और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की मांग की है।उनका कहना है कि जब तक समाज ऐसी मानसिकता के खिलाफ खड़ा नहीं होगा,मासूम जानें यूं ही मिट्टी में मिलती रहेंगी।

# महापौर ने राष्ट्रपति को सौंपी शहर की चाबी

**गोरखपुर पहुंची राष्ट्रपति का हुआ भव्य स्वागत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय दौर पर सोमवार को गोरखपुर पहुंचीं। गोरखपुर एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके बाद गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने उन्हें प्रतीकात्मक रूप से शहर की चाबी (चांदी की बनी हुई) सौंपी। एयरपोर्ट से सर्किट हाउस तक राष्ट्रपति का गोरखपुर में जोरदार स्वागत हुआ। राष्ट्रपति के स्वागत में सड़क के किनारे बड़ी संख्या में बच्चे और अलग-अलग क्षेत्रों के लोग खड़े दिखाई दिए। स्कूली बच्चे भी हाथ में तिरंगा झंडा लिए पहुंचे। जहां कहीं से राष्ट्रपति का काफिला गुजरा बड़े और बच्चे हाथ हिलाकर उनका अभिवादन करते नजर आए।

# गुलज़ार-ए-अदब की महफिल में शेरो-सुख़न से सजी एक यादगार शाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। उर्दू अदब के जज़्बे को ज़िंदा रखने और शायरी की खूबसूरत रवायत को आगे बढ़ाने के मक़सद से अंजुमन गुलज़ार-ए-अदब द्वारा नानपारा के मोहल्ला तोपखाना में एक यादगार महाना तरही नशिस्त का आयोजन किया गया। इस ख़ूबसूरत महफ़िल की मेज़बानी सफ़ीर नानपारवी के निवास पर हुई, जबकि साहित्यिक महफ़िल की सदारत व निज़ामत प्रतिष्ठित शायर शहीद नानपारवी ने की। महफ़िल का आग़ाज़ एक रुहानी अहसास के साथ हुआ, जब नानपारा के उभरते हुए शायर, साहित्यकार और अंजुमन के संयोजक रोशन ज़मीर नानपारवी ने अपनी नाते पाक पढ़ी। उनकी आवाज़ और अल्फ़ाज़ दोनों ने ही नशिस्त को एक रूहानी आयाम दिया। रोशन ज़मीर नानपारवी न केवल खुद एक सशक्त शायर हैं, बल्कि उन्होंने उर्दू अदब के क्षेत्र में कई साहित्यकारों और शायरों पर महत्वपूर्ण शोधपरक रचनाएँ भी लिखी हैं। उनकी प्रमुख कृतियों में शारिक़ रब्बानी अदब के आईने में, हुस्न तबस्सुम निहां की रचनाओं में विद्रोह के स्वर, तथा गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक रियासत नानपारा आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त देवीपाटन मंडल का इतिहास और महिला सूफ़ीवाद जैसी अप्रकाशित कृतियाँ भी उनके साहित्यिक समर्पण का प्रमाण हैं। इस नशिस्त में शिरकत करने वाले शायरों ने अपने दिलकश कलामों से समा बांध दिया। हर शेर जैसे सीधे दिल में उतरता गया और हर मिसरा जैसे किसी एहसास को फिर से ज़िंदा कर गया। अबरार नानपारवी रूमानी एहसासात को यूँ बयाँ किया जवानी ख़ूब भीगी थी जो मेरे साथ हमदम की, रूलाती याद अक्सर है वही बारिश के मौसम की। नवाज़ बहराइची ने पढ़ा तुम्हारी देख के अबरू नज़र में तेज़ सी चमकी, बलाएं लेके मर जाऊं तुम्हारे ज़ुल्फ़-ए-पुर्ख़म की। शकील मकी ने पढ़ा बक़ौले शह किसी ने परचमे हक़ अब उठाया तो, बनेगी वास्ते उसके रसन फिर उसके परचम की। सफ़ीर नानपारवी ने पढ़ा सलीका? ही नहीं जिनको ग़ज़ल सुनने का कहने का, हमें आकर सुनाते हैं वह ग़ज़लें रोज़ बेदम की। ज़मीर नानपारवी ने पढ़ा बहत्तर हैं हुए क़ुर्बान हक़ पे जबसे करबल में, तभी से अहमियत इतनी बढ़ी माहे मोहर्रम की। शहीद नानपारवी ने पढ़ा न जाने कौन सी मर्ज़ी है यारो मेरे हमदम की, उड़ाता रहता है वह धज्जियां बस मेरे ही ग़म की। महफ़िल के समापन पर ज़मीर नानपारवी और सफ़ीर नानपारवी ने सभी शायरों और श्रोताओं का दिल से शुक्रिया अदा किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह की महफ़िलें न सिर्फ़ रचनात्मकता को मंच देती हैं बल्कि समाज में सौहार्द और तहज़ीब की भावना को भी मज़बूत करती हैं।गौरतलब हो कि रोशन ज़मीर नानपारवी, जो इस आयोजन के प्रमुख सूत्रधार रहे, नानपारा के अदबी परिदृश्य में एक सशक्त आवाज़ के रूप में उभर रहे हैं। वह समय-समय पर और हर माह ऐसे साहित्यिक आयोजनों के ज़रिए युवा और वरिष्ठ शायरों को एक साझा मंच देने का कार्य कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में उर्दू अदब की रूह को ज़िंदा रखा जा सके।

## कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा नये अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने संभाला पदभार



नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा को सोमवार को नया नेतृत्व मिला। डॉ. संदीप कुमार ने विधिवत रूप से अध्यक्ष के पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत समारोह में डॉ. संदीप को माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। डॉ. संदीप कुमार इससे पहले कृषि विज्ञान केंद्र, बहराइच प्रथम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहे थे।कृषि क्षेत्र में डॉ. संदीप कुमार का गहरा अनुभव और नवाचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, केंद्र को प्रगति की नई राह पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगी। इससे पहले केंद्र के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत डॉ. शशिकांत यादव का स्थानांतरण कृषि विज्ञान केंद्र, गोरखपुर कर दिया गया है। डॉ. यादव के कार्यकाल में केंद्र ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की। उन्होंने किसानों को उन्नत तकनीकों से जोड़ने, जैविक खेती को बढ़ावा देने, एवं स्थानीय कृषि उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन कराया। उनके नेतृत्व में केंद्र ने क्षेत्रीय कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किए। इस अवसर पर केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक एवं अधिकारी डॉ. पी.के. सिंह, श्रीमती रेनू आर्य, उमेश कुमार, डॉ. एस.वी. सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने की विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। आयुक्त देवीपाटन मंडल द्वारा सभी चारों जि लों के डीएम,सीडीओ और मंडलीय अधिकारियों के साथ शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा कमिश्नरेट सभागार में की गयी। आयुक्त ने सभी जिलों में चलाए जा रहे हैं विकास कार्यक्रमों के बारे में सम्बंधित जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से प्रगति की जानकारी ली।आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजना ओं,कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करते हुए जनसामान्य को लाभान्वित करें।उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें।इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं।

## पानी की टंकियों का कराया जाये सत्यापन

आयुक्तजल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि मंडल के सभी जनपदों में बनी पानी की टंकियां की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशो की समस्या को समाप्त किया जाए।निराश्रित गोवंश को संरक्षित कि या जाए।साथ गोवंशो के लिए भूसे की उपलब्धता प्रत्येक समय बनाई रखी जाये।उन्होंने सभी उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि उद्योग विभाग की समस्त योजनाओं के लक्ष्य को पूरा किया जाए।प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाये।

## आयुक्त ने की मण्डलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा

आयुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक भी आहूत की गई।बैठक में डीआईजी समस्त जिलाधिकारी,समस्त पुलिस अधीक्षक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, महिला सुरक्षा, भूमि विवादों का त्वरित समाधान, एवं संवेदनशील स्थानों की निगरानी को प्राथमिकता देने की बात कही गई। थाना एवं समाधान दिवसों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आगामी त्योहारों एवं संभावित राजनीतिक गतिवि धियों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। सभी जिलों से क्षेत्रवार अपराध आंकड़े प्रस्तुत कर उनकी समीक्षा की गई।मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को सुरक्षा का विश्वास देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

# कानपुर के महिला की तालाब में डूबने से मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । सोमवार को मौदहा क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया में मस्तान शाह बाबा की मजार में एक सप्ताह से रह रही कानपुर की महिला की तालाब में डूब कर मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चर्चा है कि मृतका मिर्गी के रोग से पीड़ित थी।कानपुर नगर के दबौली निवासी आशिया निशा 42 वर्षीय पत्नी अब्दुल गफ्फार मिर्गी की बीमारी से पीड़ित थी। एक सप्ताह पूर्व वह क्षेत्र के कम्हरिया शरीफ स्थित मस्तान शाह बाबा की मजार में आकर वहीं रह अपनी बीमारी ठीक होने की मंशा से बाबा की जियारत कर रही थी। सोमवार को वह मस्तान शाह बाबा की मजार के बगल में स्थित तालाब में नहाने गई थी। तभी पानी में डूब गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तालाब से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना की सूचना मृतका के परिजनों को भेज दी गई है। बताते चलें कि उक्त तालाब में प्रतिवर्ष एक दो लोग पानी में डूब कर असमय ही काल के गाल में समा जाते हैं। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच कराई जा रही है।

# गुलजार के हमले में डेढ़ वर्षीय बच्चे की गई जान, आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिजनौर। मंडावर थाना क्षेत्र के गांव कोहरपुर निवासी राजकुमार के दो साल के बेटे पर गुलदार ने उस समय हमला कर दिया, जब वह दादी के पास से खेलते हुए हर्षित 5 वर्ष व मयंक डेढ़ वर्ष खेलते खेलते घर से लगभग पांच सौ मीटर खेतों की और निकल गये। जहां जंगल से निकले एक तेंदुए ने अचानक मयंक पर झपट्टा मारा और उसकी गर्दन पर हमला कर दिया। हमने में मयंक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बड़ा भाई हर्षित किसी तरह वहां से भाग निकला।बच्चों की चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक तेंदुआ जंगल में भाग चुका था ᐥ परिजन बच्चों को लेकर डॉक्टर के पास गए जहां चिकित्सकों को ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव वालों ने बताया कई दिन से तेंदुए गांव में आसपास देखें जा रहे हैं। वन विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की है ᐥ आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई।सूचना के बाद वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# सौंदर्यीकरण कार्य में लापरवाही चेयरमैन जल्द ही पर्यटन मंत्री से मिलकर पूरे मामले की करेगी शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। पर्यटन विभाग द्वारा ब्रह्मचारी घाट पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण का काम रुकने के बाद लोहे का जाल लगाकर घाट क्षेत्र में होने वाले कटान से बचाव का काम शुरू न करने पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने प्रोजेक्ट मैनेजर और ठेकेदार की शिकायत पर्यटन मंत्री से करने की बात कही है। उन्होंने कहा है, कि बारिश तेज होने के बाद नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। ऐसे में ब्रह्मचारी घाट क्षेत्र में कटान का खतरा उत्पन्न हो सकता है।पिछले दिनों डॉ आस्था ने ब्रह्मचारी घाट पर पहुंचकर काम रोके जाने के संबंध में जानकारी ली थी। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा था कि यदि देवहा नदी में पानी बढ़ने और कटान होने से मंदिर के आसपास कोई नुकसान हुआ, तो इसके जिम्मेदार प्रोजेक्ट मैनेजर और ठेकेदार होंगे। उन्होंने पर्यटन विभाग की टीम में शामिल इस कार्य को देख रहे प्रोजेक्ट मैनेजर लज्जाराम से नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि यदि दो-तीन दिन तेज बारिश हो गई तो नदी में पानी का लेवल बढ़ जाएगा। कटान की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। एके वर्ष का समय बीत जाने के बावजूद भी ठेकेदार घाट निर्माण नहीं कर सका और अब पानी दलदल होने का बहाना बनाकर काम रोक दिया। उन्होंने कहा कि यदि इस कार्य की वजह से ऐतिहासिक मनकामेश्वर मंदिर और ब्रह्मचारी घाट क्षेत्र में कटान हुआ या किसी प्रकार का नुकसान हुआ तो उसकी जिम्मेदारी प्रोजेक्ट मैनेजर और ठेकेदार की होगी। डॉ आस्था ने कहा था कि यदि काम रोका भी गया, तो पानी का लेवल बढ़ने से पहले रेत के कट्टे डालकर बचाव कार्य कराया जाए। जिससे कि ब्रह्मचारी घाट मंदिर क्षेत्र में कटान की स्थिति उत्पन्न न हो सके। लेकिन मौजूदा समय में ठेकेदार द्वारा सीमेंट के कट्टों में रेत भरवाया जा रहा है। जबकि जानकारों का कहना है कि सीमेंट के कट्टे तभी रुक पाएंगे जब वहां पर लोहे के जाल से रेत के कट्टों को रोका जाएगा। डॉ आस्था ने कहा है कि पर्यटन मंत्री से मिलकर पूरे मामले की जानकारी दी जाएगी और ठेकेदार व इस प्रोजेक्ट की टीम की शिकायत की जाएगी।

# आगामी त्योहारों को लेकर कोतवाली पुलिस ने पैदल गश्त कर आमजनमानस को कराया सुरक्षा का एहसास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। आगामी त्योहारों को लेकर कोतवाली पुलिस अलर्ट हो गयी है।इन दिनों मोहर्रम माह की शुरुआत हो गई हैं।वही अन्य त्योहारों को लेकर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और चोर उचक्कों से आमजनमानस की हिफाजत करने के लिए कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी एवं देवहा चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह राणा ने कमर कस ली है। पीलीभीत पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक करके निर्देश दिए है।कि अपने अपने थाना क्षेत्र में पैनी नजर बनाए रखे और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाएं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी ने पुलिस फ़ोर्स के साथ पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास करवा रहे है।आगामी त्योहारों को देखते हुए कोतवाली पुलिस अभी से सतर्क और सजग दिख रही है। कोतवाली पुलिस लगातार दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी कर रही है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की कर रही है।कोतवाली पुलिस लगातार पैदल गस्त करके आम जस मानस को सुरक्षा का एहसास दिला रही है।

## सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई विदाई

सुल्तानपुर। सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके मिश्रा व डॉ. आरके यादव सोमवार को सेवानिवृत हो रहे चालक अनिल एवं स्टाफ नर्स शांति सिंह को बुके अंग वस्त्र देकर विदाई दी गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि आप दोनों लोगों का उज्जवल भविष्य आगे रहे इसकी हम सभी लोग मंगल कामना करते हैं सेवानिवृत्ति सरकारी सेवा का एक अंग है इसके बाद आप लोग अपना जीवन शांतिपूर्ण सुखमय तरीके से व्यतीत करें यही हम सभी लोगों की शुभकामना है। डॉ सुपर्णा दुबे पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर संजय सिंह फार्मासिस्ट अजीत सिंह डॉ बी शर्मा डॉक्टर निशिकांत गुप्ता डॉ. सी एल रस्तोगी डॉ अमित कौशिक निवर्तमान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस के गोयल लक्ष्मण स्वरूप नर्सिंग स्टाफ इंचार्ज मुक्ता सहित दर्जन लोगों की उपस्थिति में विदाई समारोह संपन्न हुआ।

## सीएचसी में दो नए एमबीबीएस डॉक्टरों की तैनाती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को परेशानी हो रही थी। पिछले काफी समय से सिर्फ दो एमबीबीएस डॉक्टरों के भरोसे सीएचसी चल रही थी। लेकिन अब लखनऊ से आए नोडल अधिकारी के निरीक्षण के बाद दो नए एमबीबीएस डॉक्टरों की तैनाती की गई है। डॉ जीतू गौतम और डॉक्टर प्रियंका गौतम को पूरनपुर सीएचसी में भेजा गया है।जिससे अब सीएचसी में चार एमबीबीएस डॉक्टर हो गए हैं। इससे मरीजों को काफी लाभ मिलेगा और उन्हें बेहतर उपचार मिल सकेगा। हालांकि,अभी भी सीएचसी में सर्जन डॉक्टर की कमी है।नए डॉक्टरों की तैनाती से मरीजों को अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद है। सीएचसी प्रशासन ने नए डॉक्टरों का स्वागत किया है और उन्हें अपने कार्यों में सहयोग करने का आश्वासन दिया है।आपको बताते चले कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता तौफीक अहमद कादरी एवं नादिर रजा बरकाती पूर्व में डॉक्टरों की कमी को लेकर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री सहित स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं।

## बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रधान ग्रामीणों को कर रहे हैं जागरूक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार लगातार ग्रामीणों को शारदा नदी में पानी बढ़ने की स्थिति में स्थानीय लोगों को जागरूक कर रहे हैं।खासकर अपनी व अपने आस पास स्थित ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को जहाँ नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा हैं। लगातार हो रही भारी बारिश एवं हर साल बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण शारदा नदी में बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। जिससे कई गांवों में पानी भर जाता है। और लोगों को बाढ़ शरणालयों में जाने की नौबत आ जाती है। ग्राम प्रधान नदी के जलस्तर में वृद्धि और संभावित बाढ़ के खतरों के देखते हुए गांव वालों को सूचित कर रहे हैं। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ग्रामीणों को बाढ़ की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर जाने अपने मवेशियों और कीमती सामानों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने और आवश्यक सामग्री तैयार रखने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

## नगर के एक होटल में जेल से छुटे संजय मिश्रा ने की प्रेस कॉफ्रेंस

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के एक होटल में भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा नाहिल ने प्रेस वार्ता की इस दौरान उन्होंने लोधीपुर में 9 जून स्विमिंग पूल में भारतीय बजरंग दल एवं समुदाय विशेष के लोगों के बीच हुई मारपीट व अस्पताल गेट पर दोबारा से हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए। भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा सहित 6 लोगों को जेल भेज दिया था। जिसके बाद जेल से जमानत पर आए संजय मिश्रा एवं उनके कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए मामले को मुख्यमंत्री के पास ले जाने की बात कही है। जबकि इस संबंध भाजपा उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा पहले ही उपमुख्यमंत्री को पत्र लिख कर चुके है।

## बैरी चौराहे के पास पुल की रेलिंग पर चढ़ी बस बड़ा हादसा होने से टला यात्री हुए परेशान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नेशनल हाइवे पर स्थित धन्ना सिंह गुरुद्वारा के आगे स्थित पुल पर बरेली लखीमपुर रोडवेज बस यात्रियों को लेकर जा रही थी। जैसे ही बस पुल पर पहुंची बताया जा रहा है कि बस का टायर फटने से अनियंत्रित होकर बस पुल की रेलिंग से जाकर टकरा गई। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बस में 25 से 30 यात्री सवार थे। फिलहाल किसी को गंभीर चोट नहीं आई चालक की बजह से बड़ा हादसा होने से टल गया।

## अडानी फाउण्डेशन ने सौ टीबी मरीजों को सौंपी पोषण किट

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अडानी फाउण्डेशन द्वारा अमेठी में एक सौ टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी मरीजों को पोषण किट प्रदान की गई और उन्हें सलाह दी गई कि वे इसका उपयोग स्वयं करें तथा सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि मरीजों को चाहिये कि वह अपने परिवार के बच्चों को इस किट से दूर रखें ताकि संक्रमण से बचाव हो सके। इस अवसर पर डॉ. दीपक सिंह, सीएसआर प्रमुख जमील अख्तर, डॉ. राजीव सौरभ, योगेश शुक्ला अदानी फाउंडेशन की टीम टीबी हेल्थ डिपार्टमेंट के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सीएसआर प्रमुख जमील अख्तर ने कहा कि ल्प्रधानमंत्री जी का उददेश्य है कि भारत को टीबी मुक्त बनाया जाय अडानी फाउंडेशन इस दिशा में अपना योगदान देने के लिये प्रतिबद्ध है।यह पहल टीबी मरीजों के पोषण स्तर को सुधारने और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर त्रिभुवन प्रजापति पुत्र मंशाराम निवासी पिण्डारा महाराज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र तीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बारह बोर बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में बसपा की सेक्टर कमेटी की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य लगातार पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं की मीटिंग कर रहे हैं। बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर कमेटी की समीक्षा बैठक

**कानून का राज स्थापित करके भ्रष्टाचार मिटाना चाहते हो तो बसपा की सरकार बनाओ : बसपा जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य**



आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बरेली मंडल प्रभारी उदयवीर सिंह एवं पीलीभीत जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य उपस्थित रहे।सेक्टर कमेटी की समीक्षा करते हुए मुख्य अतिथि उदयवीर सिंह ने कहा कि बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में जागरूक कार्यकर्ता हैं। लेकिन और अधिक जागरूक होकर बूथ कमेटी के गठन का कार्य पूरा करें समय से फोल्डर जमा कर दें। हम सभी ने बूथ कमेटियों व सेक्टर कमेटियों का कार्य ईमानदारी से समय से पूरा कर लिया तो आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 में उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की ही सरकारी बनेगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया सुश्री मायावती ही एकमात्र ऐसी नेता हैं। जो संविधान की सुरक्षा व उसी के अनुसार ही शासन चलाती हैं।आज प्रदेश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। पीड़ित अपनी पीड़ा को खुलकर कह नहीं पा रहा है। बहुजन समाज पार्टी की सरकार को जनता याद कर रही है।आज लोगों में चर्चा है।कि जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनती है। तो सर्व समाज का हित होता है। गरीबों, मजलूमों का उत्पीड़न बंद हो जाता है। कर्मचारियों में भ्रष्टाचार बंद हो जाता है। अगर हम सभी लोग कानून का राज चाहते हैं और सामाजिक समानता स्थापित करना चाहते हैं। तो हमें बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनानी होगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रभारी मुन्नालाल कश्यप,विधानसभा अध्यक्ष पप्पू लाल वर्मा, विधानसभा प्रभारी नरेंद्र सागर,ललित भारती, श्याम चरण कश्यप, फुद्दान खान,फुरकान खान, उपेंद्र सिंह गुर्जर,जानकी प्रसाद, नूर हसन, पूरनलाल, ओमकार, सर्वेश गौतम, मूर्ति लाल ,भानु प्रताप, शहजादे आलम,राजेश कुमार, मुकेश भारती, राम प्रकाश सहित सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे हैं।

## पेयरिंग नीति के खिलाफ मुखर हुआ शिक्षक संघ, सभी ब्लॉकों में प्रस्ताव पारित

सुलतानपुर। प्रदेश सरकार की पेयरिंग नीतिल्ल के तहत परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों को समीपवर्ती विद्यालयों में समायोजित किए जाने की योजना का जनपद में व्यापक विरोध शुरू हो गया है। शिक्षक संगठन, अभिभावक, प्रबंध समिति और ग्राम पंचायत प्रतिनिधि इस नीति को शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक मान रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देश पर जिलाध्यक्ष/मांडलिक मंत्री अयोध्या दिलीप कुमार पाण्डेय ने आह्वान पर सोमवार को जनपद के सभी ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में शिक्षक, अभिभावक, ग्राम प्रधान और प्रबंध समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में विद्यालयों की भौगोलिक स्थिति, बच्चों की उपस्थिति और स्थानीय परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए पेयरिंग नीति के विरोध में प्रस्ताव पारित किए गए। कुड़वार ब्लॉक में आयोजित बैठक की अध्यक्षता शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता निजाम खान ने की। बैठक में मौजूद अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि युग्मन की यह प्रक्रिया बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य के लिए चिंताजनक है।

# धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज देने व लेने के आरोपी अधिवक्ता की सुनवाई अब नौ जुलाई को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिला जज की कोर्ट में धोखाधड़ी, जालसाजी, कूट रचित दस्तावेज देने व धमकी के मामले में नामजद आरोपी अधिवक्ता बजरंग द्विवेदी के तरफ से दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी पर अब सुनवाई नौ जुलाई को होगी। आरोपी के अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने बताया कि पहले अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल थी। जिस पर सोमवार को सुनवाई सोमवार को होनी थी। लेकिन विगत तारीख पर आरोपी बजरंग द्विवेदी का अपराधिक इतिहास अदालत ने मांगा था। ऐसे में लोकल पुलिस की तरफ से क्रिमिनल हिस्ट्री न आ पाने के कारण जमानत पर सुनवाई नहीं हो सकी। सूत्रों की माने तो इस मामले में पैसे लेकर आईएएस की नौकरी देने हेतु ज्वाइनिंग लेटर व अन्य दस्तावेज कूट रचित होने का हैं। इस मामले में और भी लोगों शामिल होने की उम्मीद है। विदित रहे पीड़ित प्राजंल त्रिपाठी को आईएएस हेतु बजरंग समेत अन्य आरोपियों ने करीब36 लाख रु खाते व नगद लिए थे। रिपोर्ट दर्ज होने पर सोशल मीडिया व न्यूज चैनल, अखबारों ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित भी किया, अग्रिम जमानत अर्जी में आरोपी ने अपने को अधिवक्ता व दो दो बार उपाध्यक्ष व सदस्य बताते हुए इस गंभीर धोखाधड़ी में बेल की प्रार्थना की है। ऐसे में देखना यह होगा कि इस हाई प्रोफ़ाइल मामले में कोर्ट से कुछ राहत मिलती है या अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होती है। खैर जमानत हो या न हो। इतना जरूर है कि देश की सबसे बड़ी नौकरी आई एएस के नाम पर ठगी व कूट रचित दस्तावेज निर्गत किया गया हैं, फिलहाल आपराधिक इतिहास न आने के चलते अब 09 जुलाई को सुनवाई के लिए तारीख नियत हैं। विवेचक ने बैंक व अन्य कागजात की भी करीब करीब जांच करते हुए पुष्टि कर लिया है। सभी आरोपियों को पक्ष रखने के लिए नोटिस भेजा है। इससे आरोपियों में हड़कंप मच गया हैं।

# प्राथमिक स्कूल बन्द हुए तो मोस्ट छेड़ेगा योगी सरकार के खिलाफ जन आन्दोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान मोस्ट जिला संयोजक राकेश कुमार निषाद के नेतृत्व में योगी सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों का मर्ज करने/बन्द करने के विरोध में जिलाधिकारी सुलतानपुर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि अनुच्छेद 21ए अंतर्गत 06 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है, यह प्रावधान सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे और राज्य की जिम्मेदारी है कि वह कानून बनाकर सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराए। अनु. 41 द्वारा राज्य को शिक्षा प्रदान करने के निर्देश के साथ-साथ प्रत्येक माता-पिता या संरक्षक को अपने 06 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान करना 11 वां मौलिक कर्तव्य घोषित गया है किंतु 16 जून, 2025 को अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला शिक्षा परियोजना समिति को प्राथमिक विद्यालयों को समीप के विद्यालयों से युग्मन का (विद्यालयों की संख्या कम करने का) आदेश जारी किया गया है जिससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के अवसर से वंचित होने की संभावना है जो कि बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के संवैधानिक बाध्यता का घोर उल्लंघन है। पिछड़े और वंचित क्षेत्रों में विद्यालयों की संख्या कम करना व बच्चों को बेसिक शिक्षा से वंचित करना चिंता का विषय है। इससे ऐसे क्षेत्रों में बच्चों की सुलभ, सस्ती और सुलभ प्राथमिक शिक्षा का संवैधानिक अधिकार प्रभावित होगा और शिक्षा का स्तर व साक्षरता दर में कमी आएगी, जो संविधान की मंशा के विपरीत है। राष्ट्रपति से मांग की गई है कि सरकार द्वारा विद्यालयों के युग्मन/संख्या कम करने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की कृपा करें, साथ ही शासन-प्रशासन को यह निर्देशित किया जाए कि वह विद्यालयों की संख्या घटाने के बजाय, विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य करें।

## पिकअप पलटने से एक दर्जन दर्शनार्थी घायल

तिलोई अमेठी । थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा अहोरवा भवानी स्थित प्राचीनतम मां अहोरवा भवानी मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहे दर्शनार्थियों से भरी एक पिकअप माइनर में पलट गई जिसमें करीब एक दर्जन दर्शनार्थी चोटहिल हो गये हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। क्षेत्र के कस्बा अहोरवा भवानी स्थित प्राचीनतम मां अहोरवा भवानी मंदिर में प्रत्येक सोमवार को विशाल मेला लगता है लेकिन आषाढ़ मास के सोमवार को यहां पर काफी दूर दूर से भक्तगण दर्शन पूजन करने पहुंचते हैं। थाना मोहनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत बारकोट से एक पिकअप पर तीन दर्जन से अधिक दर्शनार्थी सवार होकर मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे थे। वह सिंहपुर ब्लाक मुख्यालय से तिलोई मार्ग पर स्थित गांव पूरे गडरियन गांव के पास पहुंचे ही थे कि पिकअप अनियंत्रित होकर दांदूपुर माइनर में पलट गई जिस पर सवार प्रेमा देवी,शिवानी, रंजना, रेनू, कमला समेत करीब एक दर्जन बच्चे और बुजुर्ग घायल हो गये।

# गौरीगंज किसी दल के साथ नही बल्कि अपने बेटे के साथ है : राकेश प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**इन्हौना में गौरीगंज के विधायक का समर्थकों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत**

**मूसलाधार बारिश के बावजूद विधायक समर्थकों ने बुलडोजर पर सवार होकर आप जहां हम वहां का लगाया नारा**

अमेठी । समाजवादी पार्टी से निष्कासन के बाद सोमवार को भारी लाव लश्कर के साथ अपने ग्रह जनपद जा रहे गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह का कस्बा इन्हौना में ब्लाक प्रमुख तिलोई की अगुवाई में समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और आप जहां हम वहां का गगनभेदी नारा लगाया।रिमझिम बारिश के बावजूद उत्साहित कार्यकर्ताओं द्वारा बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की गई। समाजवादी पार्टी से निष्कासन के बाद गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह सोमवार को भारी लाव लश्कर के साथ अपने घर जा रहे थे। विधायक का काफिला जनपद के कस्बा इन्हौना पहुंचने पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों और सम्भ्रांत नागरिकों द्वारा अंगवस्त्र भेंटकर फूल मालाओं से स्वागत किया। समाजसेवी शिरीष गुप्ता द्वारा आयोजित भव्य आतिशबाजी के साथ ही समर्थकों के साथ बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की गई जो कि आकर्षण का केन्द्रबिंदु रहा। कस्बा इन्हौना में समर्थकों द्वारा स्वागत से अभिभूत होकर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने आभार जताया और काफिला जगदीशपुर के लिये रवाना हो गया। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह का जगदीशपुर, कंदू नाला के साथ ही गौरीगंज में कई जगहों पर समर्थकों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि आप सबके प्रेम सम्मान और आशीर्वाद से मेरा हौंसला और मज़बूत हुआ है। उन्होंने कहा कि गौरीगंज किसी दल के साथ नही बल्कि अपने बेटे और भाई के साथ है।इस मौके पर सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, शुकुल बाजार के ब्लाक प्रमुख मोहम्मद हारून,अखण्ड प्रताप सिंह, मनीष सिंह,ज्ञानेन्द्र सिंह, धर्मेश मिश्रा,सिद्धार्थ सिंह,संजय सिंह, आशीष मिश्रा,पुनीष गुप्ता, भास्कर सिंह, ध्रुवराज पासी, गुडडू सिंह, विनोद मौर्या, संतोष तिवारी, कौशलेंद्र सिंह,आशीष सोनी, दिनेश सिंह राठौर, फकीर अहमद उर्फ मिस्टर, फारुख अहमद, राजेन्द्र सैनी, बबलू मिश्रा, प्रदीप सिंह,सुजीत पाण्डेय, सत्य नारायण सिंह, दिग्विजय सिंह,नैतिक गुप्ता, सुशील सिंह, शुभम तिवारी,सुनील पासी सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# रौनक लौटी प्राचीनतम शिक्षा केंद्र की


हर शहर, हर महानगर और हर कस्बे की अपनी एक निजी पहचान, निजी विशेषता होती है,जो हर दूसरी जगह से अलग होती है। ऐसी ही खासियत है भारत के प्राचीन गौरव नालंदा विश्वविद्यालय में। सदियों बाद हुई शुरुआत के बाद जिसकी रौनक इसे 'भारत का अपना हार्वर्ड' भी कह सकते हैं। हालांकि एक तरह से प्राचीन नालंदा विवि की तुलना अमेरिका के हार्वर्ड विवि से करना विद्या के इस प्राचीनतम वैश्विक केंद्र की तौहीन है, क्योंकि 5वीं सदी से 12वीं सदी तक नालंदा विश्वविद्यालय की जो सुकीर्ति रही है, उसका कोई सानी नहीं। लेकिन विदेशी आक्रांताओं द्वारा इसे ध्वस्त कर दिये जाने के बाद कई सदियां गुजरी हैं, उस कारण आज अगर प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय को दुनिया के किसी मौजूदा विश्वविद्यालय के सांकेतिक उदाहरण से समझा जा सकता है, तो वह आधुनिक ज्ञान का बेजोड़ घर हार्वर्ड विश्वविद्यालय ही हो सकता है। बहरहाल नालंदा विश्वविद्यालय का नाम लेते ही भारत के प्राचीन ज्ञान, गौरव, शिक्षा और सांस्कृतिक विपुलता का बोध होता है। निःसंदेह सदियों तक अपने न होने पर भी प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय इतिहास में भारत का एक महत्वपूर्ण लैंडमार्क रहा है। कभी यहां 10 हजार से ज्यादा छात्र पढ़ा करते थे और 2 हजार से ज्यादा शिक्षक थे। हालांकि नालंदा के गौरव गाथाएं अभी महज इतिहास का हिस्सा हैं, लेकिन साल 2006 के बाद प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की जो आधुनिक कहानी शुरू हुई है, वह इतिहास के अपने सुनहरे पदचिन्हों की तरफ सधे कदमों से बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह विश्वविद्यालय बिहार राज्य के नालंदा जिले में स्थित है, जो कि पटना से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। यहां पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी हवाईअड्डा गया का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो इससे करीब 80 किलोमीटर है। नालंदा विवि के सबसे निकट स्थित शहर राजगीर है जो बुद्धिस्ट सर्किट का बोधगया और नालंदा के साथ महत्वपूर्ण हिस्सा है।महान नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचीन गौरव पर एक नजर डालना भारत के गौरवपूर्ण इतिहास का पुनर्पाठ करने जैसा है। लगभग 5वीं सदी ईस्वी के समय नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त सम्राट कुमारगुप्त ने की थी। यह विश्वविद्यालय बुद्धिज्म, दर्शनशास्त्र, आयुर्वेद, गणित, खगोलशास्त्र और साहित्य के अध्ययन का विश्व प्रसिद्ध केंद्र था। एक समय यहां 10 हजार से ज्यादा छात्र और 2 हजार से ज्यादा शिक्षक थे, जो कि आवासीय विश्वविद्यालय था। महान तिब्बती विद्वान तात्स्यांग और इत्सिंग जैसे चीनी यात्री यहां अध्ययन कर चुके हैं। इस विश्वविद्यालय को 12वीं सदी के अंत में बख्तियार खिलजी ने आक्रमण करके ध्वस्त कर दिया था और वह इसका नामोनिशान मिटाने के लिए इसमें आग लगा दी थी, जो कहते हैं एक साल तक जलती रही थी। साल 2006 में भारत सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्जीवन की योजना बनायी। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के 'नॉलेज कॉरिडोर' के विचार के केंद्र में नालंदा विश्वविद्यालय भी था। साल 2010 में नालंदा यूनिवर्सिटी एक्ट 2010 संसद में पारित हुआ तथा नालंदा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की विधिवत स्थापना की योजना बनी। भारत सरकार ने इसे अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय घोषित किया, जिसमें आसियान देशों का व्यापक समर्थन हासिल हुआ। साल 2014 में पुराने नालंदा विश्वविद्यालय की सरजमीं पर नये नालंदा विश्वविद्यालय की शुरुआत हुई और पहला अकादमिक कार्यक्रम शुरू हुआ। साल 2021-2023 के बीच नालंदा विश्वविद्यालय के नये कैंपस का निर्माण हुआ। यहां पर इस दौरान कई ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम्स का विस्तार हुआ। साल 2024-25 में आसियान, बिम्सटेक, यूरोपीयन यूनिवर्सिटी पार्टनरशिप्स बढ़ी और इस तरह ग्लोबल सेंटर फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज एंड इकोलॉजी जैसे वैश्विक अध्ययन केंद्र की स्थापना हुई। आज यानी 2025 का नालंदा विश्वविद्यालय बौद्ध अध्ययन, तुलनात्मक धर्म, पर्यावरण और सतत विकास, ऐतिहासिक अध्ययन, अंतर्राष्ट्रीय संबंध और दर्शनशास्त्र मुख्य विषय के रूप में पढ़ाये जाते हैं। यहां 40 से ज्यादा देशों के छात्र हैं और इंटरनेशनल फैकेल्टी व इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च केंद्र मौजूद है। ज्ञान, शांति और साझा भविष्य के लिए शिक्षा' के मिशन के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का यह नया आदर्श वाक्य है। आज यह विश्वविद्यालय ग्लोबल नॉलेज हैरिटेज और मॉर्डन एकेडमिक सेंटर के रूप में धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

# जीवन क्यूट, चिकित्सकों को सैल्यूट

**कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनियाभर में चिकित्सक अपनी जान की परवाह किए बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आए थे। उस विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई थी। फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आए । कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन लंबे-लंबे समय तक कार्य करना पड़ा था और ऐसे बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे थे। हालांकि कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था और बिना योग्य चिकित्सकों के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा। चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था।**

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर विशेष

समाज के प्रति चिकित्सकों के समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में एक जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। गंभीर से गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार भी हैं। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनियाभर में चिकित्सक अपनी जान की परवाह किए बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आए थे। उस विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई थी। फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आए । कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन लंबे-लंबे समय तक कार्य करना पड़ा था और ऐसे बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे थे। हालांकि कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था और बिना योग्य चिकित्सकों के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा। चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा कैरियर की शुरुआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गए। डॉ. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात उन्होंने अपना समस्त जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता की पहुंच के भीतर लाने के लिए वे जीवन पर्यन्त प्रयासरत रहे। 04 फरवरी 1961 को उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1967 में दिल्ली में उनके सम्मान में डॉ. बी.सी. रॉय स्मारक पुस्तकालय की स्थापना हुई और 1976 में उनकी स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा डा. बी.सी. रॉय



राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की गई। संयोगवश डॉ. रॉय का जन्म और मृत्यु एक जुलाई को ही हुई थी। उनका जन्म 01 जुलाई 1882 को पटना में हुआ था और मृत्यु 01 जुलाई 1962 को हृदयाघात से कोलकाता में हुई थी। चिकित्सा एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे केवल आजीविका का साधन मानना इसके व्यापक सामाजिक और मानवीय महत्व को छोटा करना होगा। यह महज एक पेशा नहीं बल्कि समाज की सेवा, पीड़ित मानवता की सहायता और जीवन रक्षा का माध्यम है। एक सच्चा चिकित्सक न केवल बीमार व्यक्ति का इलाज करता है बल्कि उसके परिवार की आशाओं को भी संजीवनी देता है। इसीलिए समाज में डॉक्टरों को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और बदले में उनसे भी सेवा, समर्पण और ईमानदारी की अपेक्षा की जाती है। हालांकि, निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर लापरवाही, अनावश्यक जांचों और अत्यधिक शुल्क वसूली के आरोप भी सामने आते रहे हैं, जिससे कुछ चिकित्सकों की छवि धूमिल होती है परंतु यह भी सच है कि सभी डॉक्टरों को इस दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। आज भी अधिकांश चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा और करुणा के साथ निभा रहे हैं। वे कठिनतम परिस्थितियों में भी मरीजों को न केवल जीवनदान देते हैं बल्कि उम्मीद और विश्वास की लौ भी जलाए रखते हैं। कई बार डॉक्टर मौत से जूझ रहे मरीजों को पुनः जीवन देने में सफल होते हैं। इसलिए एक समर्पित और संवेदनशील डॉक्टर न केवल चिकित्सा जगत का रत्न होता है बल्कि वह समाज का भी एक सच्चा प्रहरी होता है। ऐसे डॉक्टर सदैव सम्मान और आभार के सच्चे अधिकारी होते हैं क्योंकि वे निस्वार्थ सेवा के जरिए जीवन को नया आयाम देते हैं। **-योगेश कुमार गोयल**

# अमरीका के लिए भारत- चीन एक जैसे

**प्रेम शर्मा**

ताली एक हाथ से नहीं बज सकती। यह सही है कि अमेरिका आर्थिक-सैन्य दृष्टि से अब भी ताकतवर है, लेकिन अब उसका प्रभाव पहले जैसा नहीं और यह एक तथ्य है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का अंतरराष्ट्रीय कद बढ़ा है। इसकी अनदेखी कोई चीन भी नहीं कर पा रहा है। पिछले दिनों भारत की पाक पर की गई स्ट्राईक से पाक चीन, और अमरीका तिलमिलाए हुए है। वैश्विक स्तर पर भारत ने पिछले कुछ समय से अपना एक अलग प्रभाव बनाया है। ऐसे में भारत को चीन एवं अमेरिका, दोनों से सावधान रहने के साथ अपनी आर्थिक शक्ति बढ़ानी चाहिए। अमेरिका और विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप से ऐसे संकेत मिलना अच्छा तो है कि भारत से जल्द व्यापार समझौता हो सकता है, लेकिन मोदी सरकार को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि यह समझौता ट्रंप की शर्तों अथवा उनके दबाव और प्रभाव में बिल्कुल भी न होने पाए। भारत को इस मामले में अडिग रहना चाहिए और अपनी दृढ़ता प्रदर्शित भी करनी चाहिए। इसलिए करनी चाहिए, क्योंकि ट्रंप केवल अमेरिका और यहां तक कि अपने निजी हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वे अमेरिका को महान बनाने के लिए कुछ ज्यादा ही जल्दी दिखा रहे हैं।दूसरी तरफ अमरीका और चीन का पाकिस्तान प्रेम के साथ और कई घटनाक्रम भारत के लिए लगातार चिन्ता का विषय है। ऐसे में भारत को चीन के साथ अमरीका से भी किसी तरह के समझौते से पूर्व इस पर गहन मंथन करना चाहिए। वैसे तो अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में उन्हें अमेरिका के हितों की चिंता करनी चाहिए, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे अपनी ही नीतियों के विपरीत आचरण करें और भारत सरीखे मित्र देश के प्रति बेरुखी दिखाएं। यह तो हद ही है कि वे भारत के हितों की चिंता करने के बजाय उस पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं, जिसे अपने पहले कार्यकाल में धोखेबाज, आतंकियों का समर्थन करने एवं अमेरिका से छल करके पैसे ऐंठने वाला बता चुके हैं। अब वे उसके सबसे बड़े हितैषी दिखना चाह रहे हैं। वैसे भी ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति चल नहीं पा रही है और उन्हें अपने कठोर रवैये को मजबूरी में नरम करना पड़ा है। इसके चलते उनकी घर और बाहर फजीहत हो चुकी है। वैसे तो ट्रंप शांतिदूत बनना चाहते हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति से अधिक व्यापारी बनने पर आमादा हैं। यह उनकी मर्जी कि जो चाहे करें, लेकिन भारत को उन्हें अपने साथ मनमानी नहीं करने देनी चाहिए। भारत ने यह कहकर सही किया कि उसे व्यापार समझौते की जल्दी नहीं। आपरेशन सिंदूर और इजरायल-ईरान युद्ध में ट्रंप के दोहरे रवैये को पूरी दुनिया ने देख रही है। यदि भारत को अमेरिका की आवश्यकता है तो उसे भी भारत का साथ चाहिए। दो देशों के बीच मित्रता तभी कायम रह पाती है, जब वे-एक दूसरे के हितों का आदर करते हैं। ट्रंप ऐसा नहीं कर रहे हैं। यहा इस खबर पर विचार करना होगा कि बीते गुरुवार को कहा कि अमेरिका ने चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इस दौरान ट्रंप ने इशारों-इशारों में यह भी एलान किया कि जल्द ही भारत के साथ भी अमेरिका बहुत बड़ी डील करने वाला है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हम कुछ बेहतरीन सौदा कर रहे हैं और हम एक और डील करने जा रहे हैं जहां हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। चीन के साथ सौदे में हम चीन के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। यानि इतना तो तय है कि अमरीका यहॉ एक व्यापारी के हैसियत से सामने आया है। उसे भारत की मित्रता या भारत के हितों से कोई लेना देना नही। उसके लिए चीन और भारत एक जैसे है। एक तरफ अमेरिका भारत को 'अहम रणनीतिक साझेदार' बताता है, वहीं दूसरी तरफ वही अमेरिका अब भारत को असुरक्षित देश घोषित करने की कोशिश में लगा है। अमेरिकी विदेश विभाग की हालिया ट्रैवल एडवाइजरी ने भारत में राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। इस एडवाइजरी में अमेरिका ने भारत को ल्लेवल-2 यानि अतिरिक्त सावधानी बरतेंङ्क की श्रेणी में रखा है। अमेरिका ने अपने नागरिकों को चेताया है कि भारत में यात्रा करते समय अपराध, आतंकवाद, यौन उत्पीड़न और सामुदायिक हिंसा की आशंका ज्यादा है। विशेष रूप से महिलाओं को अकेले यात्रा न करने की सलाह दी गई है। ऐसे कई उदाहरण है जिससे यह सिद्ध होता है कि अमरीका के लिए सभी देश एक जैसे है। उसका किसी से कोई आत्मीय रिश्ता ना होकर केवल व्यापारिक रिश्ता है, ऐसे में भारत को सर्तक रहकर कोई निर्णय लेना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# अस्थमा अटैक का कारण बन सकते हैं घर में मौजूद कॉकरोच और पालतू जानवर

यदि आप अस्थमा के रोगी हैं, तो आप जानते हैं कि ठंड के मौसम या मानसून के दौरान सांस लेना आपके लिए कितना मुश्किल होता है। हालांकि, मौसम की स्थिति ही केवल ऐसी चीजें नहीं हैं बल्कि प्रदूषण और धूल भी है जो आपके अस्थमा को ट्रिगर कर सकती हैं। यदि आप अपने आप को अगले अस्थमा के दौरे से बचाना चाहते हैं, तो इन असामान्य कारकों से बचें। मोटापाः यदि आप मोटे हैं, तो आपको पहले ही अस्थमा का दौरा पड़ने का अधिक खतरा है। डॉक्टरों के अनुसार, जो लोग मोटे होते हैं उनके फ़ेफड़ों के नीचे विस्तार होता है जो उन्हें कम सांसें लेने के लिए मजबूर करता है जिससे उन्हें जलन होने का खतरा होता है और यह अस्थमा के हमलों को ट्रिगर करता है। कॉकरोचः एलर्जी के कारण अस्थमा हो सकता है और कॉकरोच के शरीर के अंगों, लार और कचरे में प्रोटीन होता है जो एलर्जी का कारण बन सकता है। यदि आप दमा के शिकार हैं, तो आपको अपने घर को जितना संभव हो सके कॉकरोच मुक्त रखना चाहिए। प्लास्टिकः पर्यावरण की बेहतरी की दिशा में अपने हिस्से को योगदान करने के लिए प्लास्टिक के उपयोग से बचें, बल्कि यह भी कि यदि आप इस बीमारी से पीड़ित हैं, तो यह आपके अगले अस्थमा के दौरे का कारण बन सकता है। लेडीबग्सः लेडीबग्स अपने बचाव तंत्र के रूप में एक नारंगी तरल पदार्थ छोड़ते हैं और जब वह द्रव हवा के साथ मिल जाता है तो यह अस्थमा को प्रेरित कर सकता है। विशेष रूप से, एशियाई लेडीबग्स आपके अस्थमा को ट्रिगर करने के लिए जानी जाती है यदि आप इन बगों के प्रति संवेदनशील हैं। पालतू जानवरः यदि आप दमा के शिकार हैं, तो आपको अपने पालतू जानवरों के प्रति अपने प्यार को छोड़ना होगा। कई अध्ययनों के अनुसार, आपके पालतू जानवरों की फर, मृत कोशिकाएं, लार सब कुछ एक प्रोटीन का वहन करती है जो आपके अस्थमा की समस्या को और अधिक बदतर बना सकती है।

## धर्म मंत्र

# शीतला माता साफ-सफाई स्वच्छता एवं आरोग्य की देवी

शीतला माता साफ-सफाई,स्वच्छता एवं आरोग्य की देवी हैं, आज कोरोना महामारी काल में इनकी पूजा करना और भी प्रासंगिक हो जाता है। शीतला माता अपने हाथों में सूप, झाड़ू, नीम के पत्ते और कलश धारण करती हैं, जो कि स्वच्छता और रोग प्रतिरोधकता के प्रतीक हैं। मान्यता है कि शीतला माता की पूजा करने से परिवार को रोग ऽ दोष और बीमारियों से मुक्ति मिलती है। शीतलाष्टमी, जिसे बसौड़ा के नाम से भी जाना जाता है, 02 जुलाई दिन शुक्रवार को है। शीतलाष्टमी, हिंदी पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। इस साल ये तिथि है 02 जुलाई दिन शुक्रवार को पड़ रही है। शीतलाष्टमी को बसौड़ा भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन शीतला माता को बासी भोजन का ही भोग लगाया जाता है। एक दिन पहले घर की साफ-सफाई करके मां के भोग के लिए दही, पुआ, पूड़ी, बाजरा और मीठे चावल बनाए जाते हैं। भोग लगाने के बाद घर के सभी सदस्य बासी भोजन ही करते हैं, मान्यता है कि इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलाना चाहिए। शीतलाष्टमी के दिन सबेरे उठकर सबसे पहले स्नान आदि दैनिक कर्म से निवृत्त हो जाना चाहिए। शीतलाष्टमी के पूजन में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस दिन नारंगी रंग के कपड़े पहनाना शुभ माना जाता है। मां को भोग लगाने के लिए थाली में दही, पुआ, पूड़ी, बाजरा और मीठे चावल आदि रखने चाहिए। मां को सबसे पहले रोली,अक्षत, मेहंदी और वस्त्र चढ़ाते हैं और ठंडे पानी से भरा लोटा मां को समर्पित करते हैं।

## पर्यटन



# कर्नाटक के कश्मीर नाम से मशहूर कुर्ग की खूबसूरती देखनी है, तो मानसून है बेहतरीन सीज़न

हरे-भरे पेड़-पौधों की चादर में लिपटी कुर्ग की पहाडिय़ों को चूमते गरजते काले बादलों को देखने इन दिनों सैलानियों की भीड़ लगी हुई है। प्रकृति यहां एक 'ओपन थियेटर' के रूप में नजर आती है, जिसे देखने का रोमांच आप यहां आकर ही महसूस कर सकते हैं। यूं तो कुर्ग हर मौसम में आकर्षक लगता है, लेकिन बारिश को खास पसंद करने वालों के लिए यह अभी धरती पर एक जन्नत बना हुआ है। सर्दियों में यह जिला मां प्रकृति की गोद में गहरी निद्रा में डूबने के लिए आतुर सूर्यदेव को अलविदा कहने का मंच बन जाता है। इसे कभी 'भारत का स्कॉटलैंड' तो कभी 'कर्नाटक का कश्मीर' कहा जाता है। कुर्ग, कर्नाटक के दक्षिण-पश्चिम भाग में पश्चिमी घाट के पास एक पहाड़ पर स्थित जिला है, जो समुद्र तल से लगभग 900 मीटर से 1715 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह दक्षिण भारत के लोगों का प्रसिद्ध वीकेंड गेटवे है। दक्षिण कन्नड़ के लोग यहां विशेष रूप से वीकएंड मनाने आते हैं। इस छोटे से जिले में 3 ताल्लुक आते हैं- मादीकेरी, सोमवारापेटे और वीराजापेटे। मादीकेरी कुर्ग का मुख्यालय है। कावेरी की जलधारा के भीषण बहाव से पैदा होती गर्जना आपको मीलों दूर से अपनी ओर आकर्षित करेगी, मानो यह जलधारा कह रही हो कि कुछ क्षण के लिए दुनिया का सारा कोलाहल भूलकर इस जलध्वनि के संगीत में खो जाएं। वन विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिए यहां एक 'व्यू पॉइंट' का निर्माण भी किया है, जहां से आप घंटों तक एब्बी जलप्रपात की तेज धारा में अपने को विलीन कर सकते हैं। कुर्ग से तकरीबन 20-25 किमी. दूर है मंगलपट्टी। पुष्पगिरि के घने जंगल से गुजरकर पहाड़ों की समतल चोटियों पर स्थित मंडलपट्टी की ढलान सहसा लुभा लेती है। बारिश के मौसम में ताजा नहाए घास एवं हवा के झोंकों के साथ झूमते जंगली फूलों से इस पट्टी की सुंदरता दोगुनी हो जाती है। बादलों में लिपटी इस घाटी में जीप की सफारी करना लगभग हर यात्री की प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रहता है।

# वर्दी में इंसान ही होते है , रील बनाने वाले पुलिस कर्मियों पर सवाल क्यों ?

विकास तिवारी

लखनऊ। इन दिनों महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सोशल मीडिया पर बनाए गए रील्स को लेकर जो उबाल समाज में देखने को मिल रहा है, वह कहीं न कहीं हमारे सोचने-समझने की क्षमता और दोहरे मापदंडों को उजागर करता है। सोशल मीडिया पर एक सामान्य रील को लेकर की गई आलोचना, न केवल अत्यधिक प्रतिक्रियाशील प्रतीत होती है, बल्कि पुलिस महकमे की सबसे निचली कड़ी–कांस्टेबल रैंक–के मनोबल को भी बुरी तरह तोड़ने का काम करती है।

क्या वर्दी पहन लेने के बाद एक पुलिसकर्मी की व्यक्तिगत पहचान समाप्त हो जाती है? क्या उसका हंसना, मुस्कराना, थोड़ा बहुत रचनात्मक या हल्का पल जी लेना अपराध बन जाता है? कांस्टेबल–चाहे महिला हो या पुरुष–भी हमारी ही तरह समाज का हिस्सा हैं। वे भी उसी परिवेश से आते हैं, जहां अभिव्यक्ति की आजादी एक मौलिक अधिकार है। लेकिन जब वही व्यक्ति वर्दी पहनता है, तो उससे एकदम मशीनी व्यवहार की अपेक्षा की जाती है–जिसमें न कोई थकान, न कोई भाव, न कोई व्यक्तिगत जीवन।

पुलिसकर्मी लगातार ड्यूटी पर रहते हैं, उन्हें कई बार त्योहारों, पारिवारिक आयोजनों या बच्चों के जन्मदिन तक में शामिल नहीं होने दिया जाता। ड्यूटी का




तनाव, सामाजिक अपेक्षाएं, संसाधनों की कमी और वेतन संबंधी विसंगतियों से वह पहले ही जूझ रहे होते हैं। ऐसे में यदि वे थोड़ी देर सोशल मीडिया पर रील बनाकर खुद को मानसिक राहत देने का प्रयास करते हैं–तो क्या इसे अपराध की तरह देखा जाना चाहिए?

यह बहुत चिंताजनक है कि समाज में हर विषय को नैतिकता की कसौटी पर तौलने वाले स्वयं कितनी बार आत्मनिरीक्षण करते हैं? जब एक कांस्टेबल रील बनाता है–बिना अश्लीलता, बिना शस्त्र प्रदर्शन, बिना गोपनीयता के उल्लंघन के–तो उसकी नीयत पर उंगली उठाना कहां तक जायज है?

> ड्यूटी का तनाव , छुट्टी नहीं – फिर भी मुस्कुराहट गुनाह कैसे?''
>
> रील पर बवाल, लेकिन तनाव पर सन्नाटा क्यों?''
>
> वेतन विसंगति , छुट्टी की समस्या , कार्य का तनाव , तबादला में बार्डर स्कीम का खत्म होना जैसी समस्याएं इस पर भी बात हो

क्या समाज की यही नैतिक दृष्टि तब जागती है जब अफसरशाही या सत्ता से जुड़े लोग अपने बच्चों की जन्मदिन पार्टी में सरकारी संसाधनों का प्रयोग करते हैं?

क्या तब मीडिया उतना ही सक्रिय रहता है, जब कोई सिपाही आत्महत्या कर लेता है, थकान या मानसिक तनाव के कारण?

दुखद बात यह है कि नहीं।

अनुशासन जरूरी है, लेकिन क्या हर बात पर 'अनुशासन का डंडा' चलाना न्यायसंगत है? यदि एक रचनात्मक वीडियो या भावनात्मक रील पुलिस की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचा रही, तो उसे लेकर विभागीय जांच या निलंबन की चेतावनी क्या मानसिक उत्पीड़न की श्रेणी में नहीं आती? पुलिस महकमा केवल आदेश और अनुसरण की मशीनरी नहीं है, वह भी इंसानी जज्बातों से बनी संस्था है। वरिष्ठ अधिकारियों का यह दायित्व है कि वे मातहतों की भावनाओं को भी समझें, उन्हें प्रोत्साहित करें और उनके मन की स्थिति पर ध्यान दें।

मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, लेकिन इस स्तंभ से उम्मीद होती है कि वह जनभावनाओं को समझे, न कि उन्हें भड़काए। पुलिसकर्मी के एक रील को ''वर्दी का मजाक'' बता देना, या ''पुलिस की गिरती गरिमा'' के शीर्षक से चलाना–समाज के उस वर्ग को बदनाम करने जैसा है जो अपने प्राण जोखिम में डालकर हमारी सुरक्षा करता है।

हर रील में न तो अपराध छिपा होता है और न ही हर पुलिसकर्मी सोशल मीडिया पर अपनी वर्दी का मखौल उड़ाता है। फर्क करना सीखिए।

### असली मुद्दों से ध्यान क्यों हटता है?

आज पुलिस महकमे में हजारों पद रिक्त हैं, तनाव का स्तर बढ़ रहा है, और पुलिस आत्महत्याओं की दर चिंताजनक हो चुकी है। इन मुद्दों पर कोई राष्ट्रीय बहस नहीं होती, लेकिन जब एक महिला कांस्टेबल किसी गाने पर मुस्कुराती नजर आ जाती है, तो मानो पूरी व्यवस्था जाग जाती है।

क्या यह विडंबना नहीं है?

वर्दी एक सम्मान है, एक दायित्व है, लेकिन यह किसी के व्यक्तित्व का दमन करने का उपकरण नहीं होनी चाहिए। जब तक कोई रील नियमों का उल्लंघन नहीं कर रही, तब तक उस पर समाज और विभाग का नैतिक डंडा चलाना न तो संवेदनशील है, न ही आवश्यक। हमें यह समझना होगा कि वर्दी में भी दिल धड़कता है, हंसी होती है, आंसू होते हैं और सपने भी होते हैं।

यह समय है जब समाज को भी और विभागीय अधिकारियों को भी आत्ममंथन करने की आवश्यकता है।

''वर्दी में रोबोट नहीं, इंसान काम करते हैं। थोड़ा मान, थोड़ा सम्मान और थोड़ा संवेदनशील दृष्टिकोण ऽ यही समय की सबसे बड़ी मांग है।''

# सच के रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी गुजारनी चाहिए : मौ.हसन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदो की अजादारी का सिलसिला जारी है।हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्राम हजरतपुर बड़ी हवेली मे अजा दारों द्वारा जुलूसे अजा निकाला गया।जिसमे अंजुमनो द्वारा नौहाख्वानी व सीनाजनी की गई।आजाखाना मीर साहब मे तिलावते कुरआन ए पाक से मजलिसे अजा का आगाज सैयद हसन अब्बास जैदी ने किया।इसके बाद हसन रजा रिज़वी,अहसन रजा रिज़वी,मोहम्मद हैदर रिज़वी द्वारा सोजख्वानी को अंजाम दिया गया।मौलाना हसन जाफर कुम्मी साहब ने मजलिस को खिताब करते हुए कहाकि कि हम सब को रसूले खुदा और अहलेबैत के बताये हुए हक और सच के रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी गुजारनी चाहिए।उन्होने कहाकि जुल्म की हिमायत करना भी जुल्म ही है।उन्होने रिसालत और इमामत के पहलुओ पर रौशनी डालते हुए कहाकि अगर रसूल शहरे इल्म है तो अली उसका दरवाजा,अगर रसूल हदीस है तो अली उसकी तफसीर है।मजलिस के आखिर मे उन्होने हजरत अली अकबर की शहादत के मसाएब बयान किये।जिसे सुनकर अजादार रो



पड़े।जुलूस के फौरन बाद जुलूस बरामद हुआ। जिसमे अलम मुबारक,ताबूत और जुलजनाह शामिल थे।इस दौरान अंजुमन अजा ए हुसैन मीरगंज जरवल कस्बा बहराइच और अंजुमन रौनक ए अज़ा आलमपुर ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की।जुलूस अपने तय शुदा मार्गो से होता हुआ बड़ी हवेली के अन्दर पहुंचा।जहां जामिन आलमपुरी ने अलविदाई मजलिस मे सलाम पढ़ा।इसके बाद आकिफ काज़मी ने मरसियाख्वानी की।जुलूस मे सभी धर्मो के लोग बड़ी संख्या मे शामिल थे।जुलूस का संचालन अजमल किन्तूरी ने किया।जुलूस के बाद नजरे मौला का एहतमाम किया गया।जुलूस मे आये सभी अजादारो का खुर्शीद असकरी,कमर असकरी, नय्यर हुसैन,जुहैर अब्बास,सगीर आलम,जरगाम हैदर,शबीहुल हसन,फैजी मियां,जुल्फी मियां, आरिज रिज़वी,सकलैन ने शुक्रिया अदा किया।

# भारी बारिश से कच्चा मकान जलभराव की चपेट में, प्रशासन से समाधान की आस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी विकास खंड बनीकोडर के ग्राम सिलहौर में बीते सोमवार को हुई भारी बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बन गई है। गांव निवासी उदय नारायण पाठक का कच्चा मकान पानी के संपर्क में आने से क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में है। उनका परिवार इस संभावित खतरे से चिंतित है और प्रशासन से राहत की उम्मीद कर रहा है। श्री पाठक का कहना है कि गांव में बनाए गए खड़ंजे की ऊँचाई के कारण पानी का बहाव बाधित हो गया है, जिससे उनके मकान के चारों ओर पानी भर गया है। दीवारें नमी के कारण कमजोर हो गई हैं और गिरने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने इस स्थिति की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी, जहां से मौके का निरीक्षण भी किया गया।

शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि उपजिलाधिकारी को समस्या से अवगत



कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है।

वहीं, उपजिलाधिकारी रामसनेही घाट ने दूरभाष पर बातचीत में बताया कि ऽ

''ऐसी स्थितियों में तहसील स्तर पर जलनिकासी की कोई विशेष व्यवस्था नहीं होती। लोगों को प्राथमिक तौर पर अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करना पड़ता है। फिर भी हमने संबंधित लेखपाल को मौके पर भेजने के निर्देश दिए हैं ताकि वस्तुस्थिति की जांच कर उचित कार्रवाई की जा सके।''

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर समस्या गंभीर पाई जाती है तो आगे की व्यवस्था की जाएगी।फिलहाल ग्रामीण अपने स्तर से पानी निकासी की कोशिश कर रहे हैं, जबकि प्रशासनिक कार्यवाही की प्रतीक्षा बनी हुई है।

# मैं नफरत फैलाता हूँ... प्लास्टिक के खिलाफ!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी जहां 'नफरत फैलाना' भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए और आईटी एक्ट की धारा 66ए के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना जाता है, वहीं जनपद बाराबंकी में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अजीत प्रताप सिंह इस शब्द को एक अनोखे और सकारात्मक रूप में उपयोग कर रहे हैं। विगत 23 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सतत कार्य कर रहे अजीत प्रताप सिंह स्वयं को गर्व से 'नफरत फैलाने वाला' बताते हैं – लेकिन यह नफरत प्रदूषण, प्लास्टिक और धरती के शोषण के विरुद्ध है।

भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2022 को देशभर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाए गए प्रतिबंध की तीसरी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर अजीत प्रताप सिंह ने अपनी नई काव्य रचना की कुछ पंक्तियां सुनाते हुए कहा –

ॡधरती मां हो स्वच्छ, स्वस्थ, मैं ऐसी अलख जगाता हूँ,



पर्यावरण प्रदूषण के विरुद्ध नफरत फैलाता हूँ,

धरती मां के शोषण के विरुद्ध नफरत फैलाता हूँ,

सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नफरत फैलाता हूँ।ङ्क

उन्होंने कहा कि भले ही आज सिंगल यूज प्लास्टिक पर सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है और ब्रांडेड कंपनियां इसका निर्माण बंद कर चुकी हैं, परंतु पूर्ण जन-जागरूकता के अभाव में आज भी चोरी-छुपे इसका उत्पादन और बिक्री जारी है। उन्होंने इसे एक गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि जब तक हर भारतवासी अपने स्तर पर प्रयास नहीं करेगा, तब तक यह समस्या जड़ से समाप्त नहीं होगी।

जन सहभागिता ही समाधान

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घर से झोला, डिब्बा आदि लेकर चलें और प्लास्टिक की पैकिंग वाले सामानों के स्थान पर खुली वस्तुएं खरीदें। ॡयह तभी संभव है जब हम हर स्तर पर जागरूकता फैलाएं, लोगों को प्रेरित करें और स्वयं भी आदर्श प्रस्तुत करें।ङ्क

हर वर्ष मनाते हैं दूसरा जन्मदिन

अजीत प्रताप सिंह 1 जुलाई को प्रतीकात्मक रूप से अपना ॡदूसरा जन्मदिनङ्क मनाते हैं। इस दिन वे सार्वजनिक रूप से मुंडन कराकर यह संदेश देते हैं कि उन्होंने स्वयं को पर्यावरण सेवा हेतु समर्पित कर दिया है। यह परंपरा कई वर्षों से अनवरत जारी है और इसे देखकर कई युवा भी उनके साथ जुड़ रहे हैं। अजीत का

### पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मुहिम चला रहे हैं 'झोलामैन ऑफ इंडिया' अजीत प्रताप सिंह

मानना है कि अकेला व्यक्ति भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है। जैसा कि वे अक्सर कहते हैं:

मैं तो निकला हूँ इक दिया लेकर,

मुझे यकीं है कि इस रात की सुबह होगी।

धरती माँ के सच्चे सपूत

पर्यावरण संरक्षण जैसे जटिल विषय को कविता, प्रतीकात्मक कार्यों और निरंतर जनसंवाद से सरल और प्रभावी बनाने वाले अजीत प्रताप सिंह आज पूरे जनपद ही नहीं, देश के अनेक हिस्सों में 'झोलामैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध हो चुके हैं। वे न सिर्फ प्लास्टिक के खिलाफ नफरत फैला रहे हैं, बल्कि जागरूकता और जागृति का वह दीपक हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

# मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय ,साकेत शशांक ने किया भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विधानसभा कुर्सी, तहसील फतेहपुर के ग्राम गुग्गौर में मुख्यमंत्री मॉडल ?2342.19 लाख की लागत से निर्मित होने वाले कंपोजिट विद्यालय (प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक) के निर्माण कार्य का वैदिक मंत्रोंच्चार के मध्य भव्य भूमि पूजन हुआ। विद्यालय कुर्सी क्षेत्र के शैक्षिक विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।भूमि पूजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने भूमि पूजन उपरांत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय कुर्सी क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपहार है।

सीएम योगी को बधाई,जताया आभार

विधायक साकेत ने क्षेत्रीय जनता की ओर से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक गतिविधियों के चलते रोजगार का केंद्र रहा है, और अब इस विद्यालय के माध्यम से यहां के लोगों को रोजगार के साथ-साथ शिक्षा और संस्कार भी यहीं प्राप्त होंगे।

यह शैक्षणिक संस्थान आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुदृढ़ करेगा।

शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण हो निर्माण कार्य- डीएम

विशिष्ट अतिथि रुप में उपस्थित जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की अवधारणा को ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और क्रांतिकारी बदलाव बताया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय मण्डल स्तर पर बनाये गए अटल आवासीय विद्यालय की भांति आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा जिसमें स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, दिव्यांगजनों हेतु अनुकूल शौचालय, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, खेल मैदान, छात्रावास जैसी सभी प्रमुख सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी सी.एंड.ड़ी.एस के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि विद्यालय निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता के मानकों के अनुसार हो तथा इसका नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि यह विद्यालय वास्तव में एक आदर्श शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हो सके।

सहज शिक्षा ग्रहण करेंगे पांच दर्जन गांवों के युवान '' -

विधानसभा क्षेत्र के गांव उमरा,गुग्गौर, अल्लीपुर, अनवारी, अमरसंडा, अगासंड,महमूदपुर बनौगा सहित करीब 50 से अधिक गावों के बच्चों को विद्यालय का लाभ मिलेगा। गांवों के बच्चे इस विद्यालय में प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक शिक्षा ग्रहण करेंगे। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर,बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा,परियोजना निदेशक राकेश सिंह , सीएम फ़ेलो डॉ अलकमा बानो,एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह, जेई आरएस सचिन यादव,मंडल अध्यक्ष निंदूरा विनय मौर्य,श्रीश रावत,प्रदीप रावत,विशाल सिंह,शिवशंकर सिंह,कानूनगो कैलाश बहादुर ,लेखपाल प्रिंस शर्मा,समस्त ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

### संपर्क मार्ग निर्माण की मांग, सीडीओ को पत्र

रामनगर बाराबंकी। विकासखंड रामनगर में अमलोरा ग्राम के ग्रामीणों ने तिलोकपुर से रानीबाजार डामर रोड को जोड़ने वाले कच्चे लिंक मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा।ग्रामीणों ने बताया यह मार्ग अवैध कब्जे और जलभराव से प्रभावित है जिससे ग्रामीणों को सामुदायिक शौचालय जाने व आवागमन में बाधा आ रही है।उन्होंने लगभग 300 मीटर लंबे इस मार्ग को खड़ंजा या इंटरलॉकिंग से पक्का कराने की मांग की है।सहायक विकास अधिकारी ने शीघ्र ही जांच व एस्टीमेट तैयार कर कार्य शुरू कराने की बात कही।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल और खंड विकास अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया है।

### आयुषी संगठन की महिलाएं सम्मानित

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत अनवारी में आयुषी ग्राम संगठन व भारतीय युवा संघर्ष मोर्चा(अराजनैतिक) के तत्वावधान में आयोजित बैठक में महिलाओं को मुख्य अतिथि अनुज



सम्राट द्वारा आईपीएम किट प्रदान की गई तथा किट की उपयोगिता भी बताया।साथ ही साथ महिलाओं को हर कार्य में अग्रसर होने की भी अपील की गई। नारी शक्ति का रूप है भारतीय नारियों ने हर जगह खुद को अपने आत्मबल से स्थापित किया हैँ चाहे वह राजनितिक क्षेत्र हो, औद्योगिक क्षेत्र हो या प्रशासनिक क्षेत्र हो, चाहे सीमा सुरक्षा हो खुद अपना पराक्रम दिखाकर भारत को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम का आयोजन आयुषी ग्राम संगठन की अध्यक्ष सपना देवी द्वारा किया गया।इस मौके पर कोषाध्यक्ष गीता,सचिव मीना देवी श्रवण रावत ब्लॉक अध्यक्ष, आलोक यादव, मुकेश पाल आदि महिला शक्ति उपस्थित रही।

### गन्ना उत्पादकों का प्रशिक्षण

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के मड़ना ग्राम में सोमवार को मुख्यमंत्री गन्ना किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।गन्ना विकास समिति व रौजागांव चीनी मिल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गन्ना शोध संस्थान लखनऊ से आए मास्टर ट्रेनर अनूप तिवारी व राजकीय गन्ना परिवेक्षक प्रगति चौरसिया ने किसानों को गन्ना उत्पादन संबंधी उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।प्रशिक्षण में किसानों को नई गन्ना प्रजातियों मृदा स्वास्थ्य सिंचाई कीट व रोग नियंत्रण जैविक विधियों टिश्यू कल्चर सिंगल बड नर्सरी आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में इंद्रजीत यादव व प्रशांत कुमार सहित अन्य किसान व ग्रामीण शामिल हुए।

### गांजा समेत धारा गया तस्कर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों व मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमोली कला गांव से शिवराज उर्फ मनोज को एक किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया।आवश्यक कार्यवाही के बाद अपराधी को एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर जेल भेजा दिया गया है।

### योगी पर अभद्र टिप्पणी, गिरफ्तार, जेल

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा सफदरगंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर मे स्थित दुकानों मे कस्बा निवासी फरहान पुत्र मो0 कामिल ने रेडीमेड की दुकान संचालित कर रखी है जिस पर हमेशा शरारती व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है विगत दिनों फरहान ने अपनी बाईक पर बैठ कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अशोभनीय शब्दो का इस्तेमाल करते टिप्पणी की जिसका वीडियो तेजी से वायरल होने पर सफदरगज पुलिस ने स्थित को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है ।

### घायल युवक की इलाज दौरान मौत

बेलहरा–बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संदिग्ध अवस्था में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी अखिलेश यादव (22)रविवार को संदिग्ध अवस्था मे घायल हो गया था। बताया जाता कि कि मृतक चौराहे से घर लौटते समय रस्ते में एक पुलिया पर खड़े होकर फोन पर बात करते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से वह करीब दस नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे आनन–फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए वहां उपस्थित चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मामले की जानकारी नही है।

# मनरेगा में फर्जी हाजिरी का सिलसिला जारी, जिम्मेदार बने मूक दर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर/मछरेहटा । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की हकीकत एक बार फिर कटघरे में है। क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में फर्जी हाजिरी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। मजदूरों की जगह कागजों में नाम दर्ज कर भुगतान कर दिए जा रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कार्यस्थलों पर न तो मजदूर दिखते हैं और न ही काम। ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायतों में कई मजदूर दो स्थानों पर एक ही समय में कार्यरत दर्शाए जाते हैं, जबकि हकीकत में वह मौके पर मौजूद ही नहीं होते है।

विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत रमुवापुर व पौडावर में हो रहे मनरेगा के तहत कार्यों में जमकर फर्जीबाड़ा किया जा रहा है । ग्राम पंचायत पौडावर में ग्राम प्रधान , पंचायत सचिव व रोजगार सेवक की चलती मिलीभगत से सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है। वही मास्टर रोल पर 52 हाजरी दर्शाई जा रही है, जिसमे एक ही फोटो प्रत्येक मास्टर रोल पर अपलोड की गई है। वही ग्राम पंचायत रमुवापुर में 36 हाजरी दर्शाई गई जिसमे फर्जी फोटो अपलोड करने का सिलसिला जारी है। जानकारी के मुताबिक, पंचायत मित्रों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह खेल लंबे समय से चल रहा है। प्रधान और सचिव अक्सर यह कहकर बचते नजर आते हैं कि कार्य पंचायत मित्र देख रहे हैं, जिससे जिम्मेदारी तय नहीं हो पाती।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि

कार्यस्थलों पर नाम मात्र ही मजदूर कार्य करते दिखाई देते है, जबकि अधिक से अधिक फर्जी हाजरी लगाई जाती है।

प्रशासन बना अनजान या मौन

बार-बार खबर प्रकाशित होने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही, जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं। सवाल उठता है कि क्या यह सब कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी में नहीं हो रहा? या वे खुद इस खेल का हिस्सा हैं?

### पुण्यतिथि पर दिनेश को भावभीनी श्रद्धांजलि

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। पांचवीं पुण्यतिथि पर दिनेश कुमार वर्मा की भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम का आयोजन रसूलपुर स्थित पेट्रोल पंप पर किया गया। दिनेश वर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. बेनी प्रसाद वर्मा के पुत्र हैं। आयोजन में मंत्री श्री सचान सोमवार दोपहर डेढ़ बजे कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने स्व. दिनेश वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने फतेहपुर और इटावा की घटनाओं पर प्रतिक्रिया दी। मंत्री ने बताया कि इटावा की घटना में कई आरोपी जेल भेजे गए हैं। फतेहपुर मामले में एसपी से बात की गई है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा और सुधा वर्मा, रवि वर्मा ने भंडारे का शुभारंभ किया। सांसद तनुज पूनिया, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व एमएलसी कांति सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह, विजय कुमार यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मौलाना असलम, असीम श्रीवास्तव और सुधांशु वर्मा, मिथिलेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# जनता को न्याय, प्रशासन में पारदर्शिता मेरी प्राथमिकता : शशांक उपाध्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ (बाराबंकी)। ''शिकायतों का त्वरित निस्तारण, जनसामान्य से सीधा संवाद और लंबित प्रकरणों का निष्पक्ष निपटारा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जनता को न्याय समयबद्ध ढंग से मिले, यही मेरा प्रयास रहेगा।'' यह उद्गार हैं नवागत तहसीलदार श्री शशांक उपाध्याय के, जिन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पहली बार मीडिया से औपचारिक रूप से वार्ता की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई को सशक्त एवं प्रभावी बनाना, तहसील स्तर पर पारदर्शी प्रशासनिक प्रणाली को स्थापित करना तथा शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक फरियादी को सम्मानपूर्वक सुनकर न्याय प्रदान करना उनका मूल उद्देश्य रहेगा। पंचायत चुनावों की तैयारी को लेकर तहसीलदार उपाध्याय ने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित चुनाव सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता होगी, जिसके लिए आवश्यक प्रबंध समय से सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव संबंधी किसी भी गतिविधि में शिथिलता या अनुशासनहीनता को

### हैदरगढ़ को मिलेगा संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन : तहसीलदार

कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों को बड़ी राहत देते हुए तहसीलदार उपाध्याय ने बताया कि अब दस ट्राली मिट्टी खुदाई के लिए अनुमति ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। इसके लिए किसानों को बार-बार तहसील के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह प्रक्रिया पूर्णतः सरल, पारदर्शी एवं सुगम बनाई गई है। तहसील से संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नामांतरण, सीमांकन एवं राजस्व विवादों में अनावश्यक विलंब नहीं होने दिया जाएगा। संबंधित विभागीय कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। जनसामान्य की सुविधा के लिए तहसील परिसर में जनसुनवाई को प्रभावशाली ढंग से संचालित किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने आश्वस्त किया कि उनकी प्राथमिकता जनसेवा है तथा तहसील प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं संतुलित समाधान के लिए सतत तत्पर रहेगा।

## विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत, हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद

एजेंसी

ब्रिस्टल। पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी




बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं। भारतीय खिलाड़ियों को बेंगलुरू में लंबे शिविर के बाद इंग्लैंड में जल्दी पहुंचने और कुछ अभ्यास मैचों में खेलने से लय हासिल करने में मदद मिली और पहले मैच में उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम अपनी प्रमुख तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर के चोटिल होने के बावजूद बेहतर टीम नजर आ रही थी। हरलीन देओल को तीसरे नंबर पर उतारने का फैसला भी सही साबित हुआ क्योंकि उन्होंने मंधाना के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। यह श्रृंखला निश्चित रूप से भारत की युवा खिलाड़ियों को अगले साल इंग्लैंड में होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों का जायजा लेने में मदद करेगी। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में हालांकि समीकरण बदलने में देर नहीं लगती और इसलिए भारतीय टीम को सतर्क रहना होगा क्योंकि इंग्लैंड की टीम वापसी करने के लिए बेताब होगी।

## दूसरे टेस्ट में विराट कोहली को पछाड़ सकते हैं ऋषभ पंत, एक शतक की है जरूरत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एक और शतक लगाकर बड़ी उपलब्धि हासिल करने की कोशिश करेंगे। अगर पंत दूसरे टेस्ट में शतक लगाते हैं तो वह कोहली को पछाड़कर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में किसी भारतीय द्वारा मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। वर्तमान में पंत और कोहली दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में पांच शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतकों के मामले में राहुल द्रविड़ (21 मैच) और महान सचिन तेंदुलकर (32 मैच) शीर्ष पर हैं जिन्होंने 7-7 शतक लगाए हैं। उनके बाद अजहरुद्दीन (15 मैचों में 6 शतक) का नम्बर आता है जोकि तीसरे स्थान पर हैं। चौथे नम्बर पर पंत (13 मैचों में 5 शतक) और पांचवें नम्बर पर कोहली (28 मैचों में 5 शतक) आते हैं। गौर हो कि




इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान अपने आक्रामक अंदाज में दिखे और दोनों इनिंग्स में शतक लगाने वाले भारत के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बने। उनकी बल्लेबाजी ने इंग्लिश गेंदबाजों को काफी परेशान किया क्योंकि वे उनके सामने पूरी तरह से बेबस नजर आए। पंत के दो शानदार शतकों के बावजूद भारत हार गया क्योंकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने 371 रनों के लक्ष्य को आसानी से पांच विकेट रहते हासिल कर लिया। पांच मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रहे शुभमन गिल और उनकी टीम बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के लिए तैयार हैं।

## स्टीव स्मिथ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार

एजेंसी

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपने दाएं हाथ की छोटी उंगली पर लगी चोट से उबरने के लिए बेसबॉल का सहारा लिया और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्मिथ को इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान पहली स्लिप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का मुश्किल कैच लेने की कोशिश करते समय दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गई थी। इस 36 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने घाव को साफ करने, टांके लगाने और उंगली में पट्टी लगाने के बाद तुरंत लंदन छोड़ दिया। चोट के अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय उन्होंने न्यूयॉर्क में ''बेसबॉल केज'' में जाने का फैसला किया, जहां उनका एक अपार्टमेंट है। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन जीता था। न्यूयॉर्क में उन्होंने सख्त क्रिकेट गेंद का सामना करने से पहले नेट पर टेनिस गेंद और अन्य हल्की गेंदों से अभ्यास शुरू किया। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने स्मिथ के हवाले से कहा, ''मेरे दोस्त ने मुझे इसके बारे में बताया, जो कि आदर्श था, क्योंकि वहां (न्यूयॉर्क में) मौसम काफी गर्म था। मैंने बेसबॉल केज में अभ्यास किया जिससे मुझे जल्दी ठीक होने में मदद मिली। बेसबॉल केज एक जालीदार घेरा होता है, जो क्रिकेट के नेट जैसा ही होता है। बेसबॉल खिलाड़ी इसका उपयोग हिटिंग का अभ्यास करने के लिए करते हैं। स्मिथ ने अपनी बल्लेबाजी की फुटेज ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ को भेजी, जो उनकी प्रगति से खुश है।

## पटौदी पदक के बारे में बाद में सोचा गया, ईसीबी ने नाम बदलकर गलत किया: फारुख इंजीनियर

एजेंसी

बर्मिंघम। दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, लेकिन पांच मैचों की वर्तमान श्रृंखला शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं लेकिन इसके साथ उन्हें यह भी लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद घरेलू




बोर्ड ने श्रृंखला जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया। मैनचेस्टर में रहने वाले इंजीनियर ने कहा, ''टाइगर पटौदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। मेरे बहुत अच्छे सहयोगी थे। हमने काफी टेस्ट मैच साथ में खेले। मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब 2007 में ट्रॉफी का नाम उनके नाम पर रखा गया। उन्होंने कहा, ''एक ओर जहां मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि पटौदी का नाम हटा दिया गया। मैं चाहता हूं कि टाइगर का नाम इस ट्रॉफी से जुड़ा रहता लेकिन इसके बजाय सचिन और एंडरसन के नाम पर इस ट्रॉफी का नाम रखने का फैसला किया गया जो खेल के दिग्गज हैं। इंजीनियर ने कहा, ''इसके (पटौदी पदक की शुरुआत) बारे में बाद में सोचा गया। उन्हें इसकी घोषणा शुरू में ही कर देनी चाहिए थी, इससे अधिक विश्वसनीयता होती, लेकिन कम से कम उन्होंने कुछ तो किया। उम्मीद है कि पटौदी नाम इसे हमेशा जुड़ा रहेगा। पटौदी परिवार का भारत-इंग्लैंड क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इफ़्तिख़ार अली ख़ान पटौदी और उनके बेटे मंसूर दोनों ने भारत की कप्तानी की और दोनों ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला। दूसरी तरफ तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जबकि एंडरसन ने तेज गेंदबाज के रूप में पारंपरिक प्रारूप में सर्वाधिक विकेट लिए हैं। इंजीनियर ने कहा, ''तेंदुलकर और एंडरसन की उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इस कहानी के दो पहलू हैं। उन्होंने पदक का नाम पटौदी के नाम पर रखा है जो बहुत सोच-समझकर किया गया फैसला है। उन्होंने कहा, ''यह फैसला पटौदी के मुझे जैसे कई समर्थकों को खुश करने के लिए किया गया लेकिन आप उन्हें ट्रॉफी का नाम सचिन और एंडरसन के नाम पर रखने के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते।

## दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

नयी दिल्ली। पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा, ''कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। डब्ल्यूएसकेएल के जरिए हमारा लक्ष्य विश्व भर के दर्शकों को इस खेल से जोड़ना, अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को सामने लाना और ओलंपिक मान्यता की दिशा में निर्णायक कदम उठाना है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बनी सहमति, ट्रंप की डेडलाइन से पहले ऐलान संभव

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर सहमति बन गई है। इसका जल्द ही औपचारिक ऐलान हो सकता है। भारत के व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने समय सीमा से पहले मतभेदों को दूर करने के लिए अंतिम प्रयास करते हुए वाशिंगटन में अपना प्रवास बढ़ा दिया है। इस समझौते के लिए भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक दल वॉशिंगटन में है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से वैश्विक टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक की समय सीमा 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। इसको लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ हुई है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 10 जून को वार्ता समाप्त होने पर कहा था कि भारत और अमेरिका एक निष्पक्ष और न्यायसंगत व्यापार समझौते पर




बातचीत करने की प्रक्रिया में हैं, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। दरअसल, भारत चाहता है कि प्रस्तावित 26 फीसदी शुल्क वापस लिया जाए और स्टील एवं ऑटो पार्ट्स पर पहले से लगे अमेरिकी शुल्कों में छूट मिले। मगर अमेरिका पहले भारत से सोयाबीन, मक्का, कार और शराब पर आयात शुल्क घटाने और गैर-शुल्क बाधाओं को आसान करने की प्रतिबद्धता चाहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि वह अतिरिक्त वैश्विक टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक की समय सीमा को 9 जुलाई से आगे बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं। इससे पहले अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का ऐलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि उसे इस 26 फीसदी की अतिरिक्त कर से पूरी तरह छूट मिल जाए।

## प्रौद्योगिकी कर लगाने की योजना टाली, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता बहाल : मार्क कार्नी

एजेंसी

टोरंटो। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि उनके अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कर लगाने की योजना को रद्द करने के बाद अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता बहाल हो गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि वह कनाडा के उनकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कर जारी रखने तक उसके साथ व्यापार वार्ता को निलंबित कर रहे हैं। इसे उन्होंने ''अपने देश पर प्रत्यक्ष और स्पष्ट हमला'' करार दिया था। कनाडा सरकार ने कहा कि व्यापार समझौते की ''उम्मीद'' के साथ '' कनाडा डिजिटल सेवा कर को रद्द कर रहा है। '' यह कर सोमवार से लागू होने वाला था। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, कार्नी और ट्रंप ने वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। कार्नी ने एक बयान में कहा, '' यह घोषणा निर्धारित 21 जुलाई 2025 की समयसीमा के तहत इस वार्ता का शुरू करने में मदद करेगी। यह समयसीमा इस महीने जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में तय की गई थी। कार्नी ने मई में अमेरिका में राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में ट्रंप से मुलाकात की थी। इसके बाद ट्रंप जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा आए। इस दौरान कार्नी ने कहा था कि कनाडा और अमेरिका ने व्यापार वार्ता के लिए 30 दिन की समय सीमा तय की है। कनाडा और अमेरिका, अमेरिका के पड़ोसी देश से आने वाले सामानों पर ट्रंप द्वारा लगाए गए भारी शुल्कों में ढील देने पर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप ने इस्पात और एल्युमीनियम पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है। साथ ही उन्होंने मोटर वाहन और उसके घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क की घोषणा की है। अधिकतर देशों से आयात पर 10 प्रतिशत का मूल शुल्क भी लगाया गया है। हालांकि अन्य कर बढ़ोतरी को अमेरिका ने 90 दिन के लिए टाल दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### जिंदल स्टील ने अंगुल संयंत्र में शुरू की पहली 'गैल्वनाइजिंग लाइन'

**नयी दिल्ली।** जिंदल स्टील ने अंगुल संयंत्र में अपनी पहली 'गैल्वनाइजिंग लाइन' चालू करने की सोमवार को घोषणा की। इससे लेपित (कोटेड) उत्पादों की आपूर्ति में वृद्धि होगी जिससे उपकरण, मोटर वाहन, बुनियादी ढांचे और निर्माण सहित विभिन्न उद्योगों की जरूरतें पूरी हो सकेंगी। 'कोटेड गैल्वनाइजिंग लाइन 1' (सीजीएल 1) को ओडिशा के अंगुल में कंपनी की इस्पात विनिर्माण सुविधा में मौजूदा कई करोड़ रुपये की निवेश योजना के तहत स्थापित किया गया है। जिंदल स्टील ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, '' नई लाइन जिंदल पैंथर गैल्वनाइज्ड और जिंकल्यूम ब्रांड के तहत गैल्वनाइज्ड एवं गैल्वेनाइज्ड उत्पादों का उत्पादन करेगी। यह उपकरण, मोटर वाहन, बुनियादी ढांचे और निर्माण सहित विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को पूरा करेगी। कंपनी के चेयरमैन नवीन जिंदल ने कहा कि 'गैल्वनाइजिंग लाइन' का चालू होना विविध उद्योग आवश्यकताओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले एवं मूल्यवर्धित इस्पात उत्पाद प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 'कोटेड गैल्वनाइजिंग लाइन' से तात्पर्य उस औद्योगिक प्रक्रिया से है जिसमें धातु आमतौर पर इस्पात को जंग से बचाने के लिए उस पर जस्ते की सुरक्षात्मक परत चढ़ाई जाती है। इस प्रक्रिया को 'गैल्वनाइजिंग' कहा जाता है। इसे सतत उत्पादन 'लाइन' पर अंजाम दिए जाने पर इसे 'गैल्वनाइजिंग लाइन' कहा जाता है। यहां 'कोटेड' से तात्पर्य धातु पर सुरक्षात्मक परत चढ़ाने से है।

### एंबेसी रीट ने मौजूदा कर्ज के पुनर्वित्त के लिए जुटाए 1,550 करोड़ रुपये

**बेंगलुरु।** एंबेसी ऑफिस पार्क्स रीट ने अपने मौजूदा ऋण को पुनर्वित्त करने और ब्याज लागत बचाने के लिए ऋणपत्र और सावधि ऋण जारी करके सफलतापूर्वक 1,550 करोड़ रुपये जुटाए हैं। शेयर बाजार को सोमवार को दी जानकारी के अनुसार, कंपनी ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) और सावधि ऋण सुविधाओं के संयोजन के माध्यम से 1,550 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसमें कहा गया, '' प्राप्त राशि का उपयोग कुछ मौजूदा ऋणों को पुनर्वित्त करने के लिए किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप करीब 1.13 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज बचत होगी। एंबेसी ऑफिस पार्क्स रीट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ऋत्विक भट्टाचार्य ने कहा, '' यह पुनर्वित्तपोषण हमारे बही-खाते को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने की रणनीति का समर्थन करता है। साथ ही हमारी भविष्य की विकास पहलों को वित्तपोषित करने के लिए हमें अच्छी स्थिति में लाता है।

### महिंद्रा लाइफस्पेस ने बेंगलुरु में 199 करोड़ रुपये में करीब नौ एकड़ जमीन खरीदी

**मुंबई।** रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड ने आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए बेंगलुरु में करीब 200 करोड़ रुपये में करीब नौ एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी ने श्रेयस स्टोन्स प्राइवेट लिमिटेड (एसएसपीएल) का अधिग्रहण किया है, जिसके पास बेंगलुरु में 8.79 एकड़ जमीन है। महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने एसएसपीएल के साथ शेयर खरीद समझौते (एसपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एसएसपीएल के शेयरधारक अपनी पूरी हिस्सेदारी (शेयर का 100 प्रतिशत) बेचने पर सहमत हो गए हैं। इसके तहत कंपनी 199 करोड़ रुपये में 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 10,000 शेयर हासिल करेगी। कंपनी ने कहा, '' इस अधिग्रहण से 1,100 करोड़ रुपये के अनुमानित सकल विकास मूल्य (जीडीवी) के साथ प्रीमियम विकास अवसर का द्वार खुलेगा। महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित कुमार सिन्हा ने कहा, '' यह अधिग्रहण शहर के सबसे आशाजनक रियल एस्टेट गिलयारे में से एक उत्तरी बेंगलुरु में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने में बड़ी उपलब्धी है।

### चीन में कारखाना गतिविधि में जून में मामूली सुधार

**बैंकॉक।** अमेरिका के आयात पर उच्च शुल्क को कुछ समय के लिए टालने के फैसले से चीन में कारखाना गतिविधि में जून कुछ सुधार हुआ, लेकिन समग्र गतिविधि अब भी धीमी रही। सोमवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, क्रय प्रबंधक सूचकांक मई में 49.5 से बढ़कर 49.7 हो गया। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। अन्य खबरों में जापान और कोरिया में भी इसी प्रकार के रुझान दर्शाए गए। जापान में विनिर्माण उत्पादन मई में 0.5 प्रतिशत बढ़ा, जो विश्लेषकों के 3.5 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से काफी कम है।

## वित्त मंत्री 30 जून से 5 जुलाई तक स्पेन पुर्तगाल और ब्राजील की यात्रा पर

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 30 जून से 5 जुलाई तक स्पेन, पुर्तगाल और ब्राजील की आधिकारिक दौरे पर जाएंगी। इस दौरान वे वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वित्त मंत्री स्पेन के सेविले की अपनी यात्रा के दौरान संयुक्त राष्ट्र की ओर से आयोजित विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगी। इस शिखर सम्मेलन का विषय 'एफएफडी4 के परिणाम से कार्यान्वयन तकः सतत विकास के लिए निजी पूंजी की क्षमता का दोहन' होगा। इस दौरान सीतारमण जर्मनी, पेरू और न्यूजीलैंड के वरिष्ठ मंत्रियों और यूरोपीय निवेश बैंक (ईआईबी) के अध्यक्ष से मुलाकात करेंगी। मंत्रालय के मुताबिक पुर्तगाल के लिस्बन की अपनी यात्रा के दौरान सीतारमण पुर्तगाल के वित्त मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी। इसके अलावा वह प्रमुख निवेशकों और भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत भी करेंगी। रियो डी जेनेरियो में केंद्रीय वित्त मंत्री भारत के गवर्नर के रूप में न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) की 10वीं वार्षिक बैठक को संबोधित करेंगी और ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक (एफएमसीबीजी) में भी भाग लेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एनडीबी बैठकों के हिस्से के रूप में एनडीबी फ्लैगशिप गवर्नर्स सेमिनार के दौरान 'ग्लोबल साउथ के लिए एक प्रीमियर बहुपक्षीय विकास बैंक का निर्माण' विषय पर एक संबोधन भी देंगी। इसके अलावा एनडीबी बैठकों के दौरान वित्त मंत्री ब्राजील, चीन, इंडोनेशिया और रूस के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर लगातार जारी है। सोने और चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,410 रुपये से लेकर 97,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,290 रुपये से लेकर 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में भी गिरावट आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,07,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,440



रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं: जगदीप धनखड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में आरोप प्रत्यारोप का ऐसा दौर चल रहा है जिसमें राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति को भी घसीट लिया जाता है और यह भारतीय लोकतंत्र और संस्कृति से मेल नहीं खाता।

श्री धनखड़ ने राजस्थान के जयपुर में राज्य के पूर्व विधायकों के संगठन राजस्थान प्रगतिशील मंच के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश का मौजूदा राजनीतिक परिवेश भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से भी मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा,ल्ल राजनीति में आप अलग-अलग दलों में हो सकते हैं और इसमें भी बदलाव होता रहता है। सत्ता पक्ष प्रतिपक्ष में जाता रहता है और प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष में आता रहता है। पर इसका मतलब यह नहीं है कि दुश्मनी हो जाए। दरार पैदा हो जाए। दुश्मन सीमापार हो सकते हैं। देश में हमारा कोई दुश्मन नहीं हो सकता। उप राष्ट्रपति ने कहा कि राजनीति का परिवेश असहनीय हो रहा है। बेलगाम होकर वक्तव्य दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल जब राज्य में होता है, तो उस पर आसानी से वार किया जा सकता है। राज्य की सरकार यदि केंद्र की सरकार के अनुरूप नहीं है तो आरोप लगना बहुत आसान हो जाता है। समय के साथ बदलाव आया और उपराष्ट्रपति भी इसमें जुड़ गया और राष्ट्रपति को भी इस दायरे में ले लिया गया है। उन्होंने कहा, यह चिंतन, चिंता और दर्शन का विषय है। ऐसा मेरी दृष्टि में होना उचित नहीं है। श्री धनखड़ ने कहा कि प्रतिपक्ष का बहुत बड़ा योगदान रहता है और प्रतिपक्ष विरोधी पक्ष नहीं है। यह प्रजातंत्र में आवश्यकता है। उन्होंने कहा, अभिव्यक्ति हो, वाद-विवाद हो, संवाद हो। वैदिक तरीके से, जिसको अनंतवाद कहते हैं। अभिव्यक्ति बहुत महत्वपूर्ण है और प्रजातंत्र की जान है।ङ्क उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति कुंठित होती है या उस पर कोई प्रभाव डाला जाता है या अभिव्यक्ति इस स्तर पर पहुँच जाती है कि दूसरे के मत का कोई मतलब नहीं है, तो अभिव्यक्ति अपना अस्तित्व खो देती है। अभिव्यक्ति को सार्थक करने के लिए वाद-विवाद को जरूरी करार देते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि दूसरे के मत को सुनना अभिव्यक्ति को ताकत देता है।

# पुरी भगदड़ पर मांझी इस्तीफा दें, घटना की हो न्यायिक जांच : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पुरी में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा भगदड़ में श्रद्धालुओं के हताहत होने को अत्यंत गंभीर घटना बताते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से इस्तीफा देने की मांग करते हुए कहा है कि घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए।

कांग्रेस सांसद सप्तगिरि उलाका तथा पार्टी नेता अरविंदा दास ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इसे राज्य की भाजपा सरकार के कुप्रबंधन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इस पवित्र कार्यक्रम में वीआईपी पर ध्यान केंद्रित करने के कारण उससे जो चूक हुई है, उसके लिए भाजपा सरकार प्रभु जगन्नाथ से माफी मांगे और आश्वासन दे कि भविष्य में इस तरह की चूक नहीं होगी। सरकारी तंत्र सिर्फ वीआईपी की सेवा में नहीं रहेगा और प्रभु के आम भक्तों की सुरक्षा पर भी सतर्क रहेगा। उन्होंने भगदड़ की घटना के लिए मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री को जिम्मेदार बताते हुए इस्तीफ़े की मांग करते हुए कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि घटना में कितने लोगों की मृत्यु हुई। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए की मदद करने करने और गंभीर रुप से घायलों को 25-25 लाख रुपए की सहायता देने की भी मांग की है।

उन्होंने रथ यात्रा में कुप्रबंधन के कारण इस तरह की घटनाओं को शर्मनाक बताया और कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि आगे से इस तरह की घटनाएं नहीं हों। उनका कहना था कि पिछले साल 'प्रभु बलभद्र' जी की मूर्ति भी गिरा दी गई थी। तब सरकार ने कहा था कि इस मामले की जांच की जाएगी लेकिन आज तक इसमें कुछ सामने नहीं आया है। असलियत यह है कि भाजपा सरकार ने रथ यात्रा को 'इवेंट मैनेजमेंट' में बदल दिया है जिसके कारण यह गंभीर चूक हुई है। घटना की जवाबदेही तय होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ओडिशा के बाहर से भी बड़ी संख्या में लोग इस क्षेत्र में आने लगे हैं और उन्हें वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। पूरे प्रशासन का ध्यान वीआईपी सुरक्षा पर केंद्रित रहता है। उनका कहना था कि 'महाप्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा' सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि यह भारत की संस्कृति है। यह एक अद्भुत यात्रा है, जहां महाप्रभु जगन्नाथ रथ से निकलकर लोगों के दर्शन करते हैं। रथ यात्रा के दौरान हर साल लाखों लोग आते हैं। ऐसा कहीं नहीं होता है कि जहां भगवान खुद चलकर लोगों से मिलने आते हैं। कोरोना काल में भी रथ यात्रा निकाली गई थी, लेकिन जो इस साल की रथ यात्रा हुई, वह एक जगह रुक गई और ऐसा पहली बार हुआ है। इसके पीछे कारण यह था कि रथ यात्रा के दौरान लगभग 5,000 कॉर्डन पास लोगों को बांटे गए। इनमें विधायक, सांसद जैसे लोग शामिल थे। यही कारण था कि रथ यात्रा धीमी पड़ गई। उन्होंने कहा सबसे दुख की बात यह है कि खुद मुख्य प्रशासक कह रहे थे कि सारे भक्त अभी आए नहीं हैं।

# भू-जल प्रबंधन को सतत बनाने की जरूरत : सरकार

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार ने सतत विकास के लिए भूजल स्तर में वृद्धि को आवश्यक बताते हुए कहा है कि इसके लिए अटल भूजल योजना के रूप में एक अनूठा कार्यक्रम शुरु किया गया है जिसने इस योजना से स्थानीय समुदायों को जोड़कर भूजल प्रबंधन के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाई है।

जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने सोमवार को यहां अटल भूजल योजना की 8वीं राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भूजल का स्तर बढाने के लिए सरकार ने अटल भूजल योजना की एक अनूठी और अग्रणी पहल की है। इसमें स्थानीय समुदायों को सफलतापूर्वक शामिल किया गया है और लोगों को भूजल की महत्ता तथा इसके प्रबंधन के बारे में जागरूक करने का काम किया गया है।

उन्होंने कहा कि भूजल स्तर गिरने का जलवायु परिवर्तन और जल चक्र पर विपरीअसर पड़ा है और इसके प्रतिकूल प्रभाव पहले से ही स्पष्ट हैं। इस संकट से निपटने के लिए ही अटल भूजल योजना को सामने लाया गया है और अब उसको मुख्यधारा में लाना जरूरी है। उन्होंने समुदायों को सतत भूजल प्रबंधन की चुनौती को स्वीकार कर इसे सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। जल संसाधन विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय की सचिव ने बैठक में हिस्सा लेने आये राज्यों के प्रतिनिधियों को इस योजना के तहत सफल पायलट प्रोजेक्टों और कार्यान्वित की गई पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भूजल संरक्षण तथा इसके उपयोग को सुनिश्चित करने में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना था कि इस काम को गति देने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में जल बजट को अनिवार्य बनाने की भी जरूरत है।

# नमाज़वादी इंडी गठबंधन बिहार में शरिया कानून लागू करना चाहता है: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नये वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंकने संबंधी बयान की कड़ी प्रतिक्रिया जतायी है और पूछा है कि क्या 'नमाज़वादी' इंडी गठबंधन बिहार में शरीया कानून लागू करना चाहता है।

भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने आज यहां पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पटना के गांधी मैदान में रविवार को राष्ट्रीय जनता दल की रैली में श्री तेजस्वी यादव के भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ल्लअभी हाल ही में हमने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण किए। लेकिन बड़े दुख की बात है, पटना के उसी गांधी मैदान में जहां आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा और संविधान के सम्मान के लिए जान की परवाह किए बिना लाखों लोग एकत्र हुए थे। वहां कल एक ऐसी रैली हुई, जिसमें इंडी गठबंधन के सहयोगी बिहार के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे। जबकि यह कानून (वक्फ बोर्ड कानून) दोनों सदनों से पारित है और न्यायालय में विचाराधीन है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, इसका अर्थ ये हुआ कि न संसद का सम्मान है, न न्यायपालिका का सम्मान है। वोट बैंक की चाहत में इंडी गठबंधन के सहयोगी तेजस्वी यादव द्वारा जो कुछ बोला गया है, उससे साफ है कि ये संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं यह कहना चाहता हूँ कि कुरान में 'वक्फ' जैसा कोई शब्द नहीं है। यह मुल्लाओं और मौलवियों द्वारा बनाया गया शब्द है। इस्लाम आपको खर्च करना, देना सिखाता है, न कि रखना या जमा करना। और फिर भी, आप कहते हैं, संग्रह करो? यह बाबा साहब के संविधान का मज़ाक उड़ाने के अलावा और कुछ नहीं है बल्कि इसे धर्मनिरपेक्ष दस्तावेज़ से मौलवियों की स्क्रिप्ट में बदलने की कोशिश है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि अगर वे कभी सत्ता में आए तो यह संभव है कि वे बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को कूड़ेदान में फेंक देंगे और शरिया कानून लागू करेंगे। यह कोई अतिश्योक्ति नहीं है। याद रखें, भारत में सरकार ने केवल एक बार 400 सीटें पार की हैं - 1985 में। और फिर क्या हुआ? शाहबानो मामले को देखें। उस 400 से ज़्यादा की सरकार ने उच्चतम न्यायालय के फ़ैसले को कुचल दिया और शरिया कानून को संविधान से ऊपर रख दिया। भाजपा प्रवक्ता ने सवाल किया, ल्लक्या इंडी गठबंधन बिहार में शरिया कानून लागू करने की कोशिश कर रहा है? क्या राजद और समाजवादी पार्टी (सपा) जैसी पार्टियां अपनी तुष्टीकरण की राजनीति को छिपाने के लिए समाजवाद का मुखौटा पहन रही हैं? डॉ. त्रिवेदी ने कहा, समाजवाद का मतलब है समान वितरण। लेकिन यहां, वे इस बात की वकालत कर रहे हैं कि जमीन के एक बड़े हिस्से पर मुट्ठी भर मुल्लाओं और मौलवियों का कब्ज़ा होना चाहिए। ये नेता वंचित मुसलमानों के साथ नहीं खड़े हैं। वे उन लोगों के साथ खड़े हैं जो धर्म के नाम पर गरीब मुसलमानों का शोषण करते हैं।

## विधानसभाओं को तकनीकी दक्षता में की जाएगी पूरी मदद : बिरला

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राज्य विधानसभाओं से कहा है कि विधायी कार्यों के लिए आधुनिक तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल किया जाना चाहिए और इस काम में दक्षता हासिल करने के लिए जो भी जरूरी होगा उनकी मदद की जाएगी। श्री बिरला ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-2 के वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सोमवार को कहा कि नयी तकनीकी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) नवाचार की दिशा में महत्वपूर्ण है और इस तरह की नयी तकनीकी का इस्तेमाल विधायी कार्यों में किया जाना चाहिए। राज्य विधानसभाओं को विश्वास दिलाते हुए उन्होंने कहा कि नवाचारों को अपनाने के लिए जितनी भी तकनीकी दक्षता की उन्हें आवश्यकता होगी, भारत की संसद यह सब उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि संसाधनों का प्रबंधन, लोकतंत्र की रक्षा और एआई आदि नवाचार को अपनाकर विधायिका को अधिक दक्ष बनाने की जरूरत है और इसके लिए जिस तरह की भी मदद की आवश्यकता होगी वह संसद की तरफ से उपलब्ध कराई जाएगी।

## इस्पात उभरते भारत का आधार है: मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुनियादी ढांचे और रक्षा क्षेत्र से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा स्वच्छ ऊर्ज़ा तक इस्पात को उभरते भारत का आधार बताया है और कहा है कि नीतिगत प्रोत्साहन तथा नवाचार से देश वैश्विक इस्पात क्षेत्र में अलग पहचान बना रहा है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर केन्द्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी का एक लेख साझा करते हुए कहा कि इसमें बताया गया है कि नीतिगत प्रोत्साहन और नवाचार किस प्रकार से भारत को वैश्विक इस्पात क्षेत्र में अग्रणी बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा बुनियादी ढांचे और रक्षा से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्ज़ा तक, इस्पात उभरते भारत का आधार है। केंद्रीय मंत्री श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने अपने लेख में बताया है कि कैसे नीतिगत प्रोत्साहन और नवाचार भारत को वैश्विक रूप से इस्पात क्षेत्र में अग्रणी बनाने की यात्रा को आकार दे रहे हैं।

## सेना प्रमुख चार दिन की भूटान यात्रा पर रवाना

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को भूटान रवाना हो गये। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सेना प्रमुख की यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच स्थायी रक्षा सहयोग को और प्रगाढ़ करना है। जनरल द्विवेदी यात्रा के दौरान भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे। वह रॉयल भूटान आर्मी के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल बटू शेरिंग के साथ भी चर्चा करेंगे। सेना प्रमुख भारतीय दूतावास, भारतीय सैन्य प्रशिक्षण दल (आईएमटीआरएटी) और प्रोजेक्ट दंतक के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत करेंगे। सेना प्रमुख की यात्रा भारत और भूटान के बीच गहरे तथा समय की कसौटी पर खरे उतरे संबंधों को दर्शाती है। इसके अलावा यह घनिष्ठ और भरोसेमंद साझीदार के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि भी करती है।

## बोधगया मंदिर बौद्धों को सौंपने की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार के बोधगया मंदिर का नियंत्रण और प्रबंधन बौद्धों को सौंपने का निर्देश देने की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने सुलेखाताई नलिनिताई नारायणराव कुंभारे की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने हालांकि याचिकाकर्ता नारायणराव को इस मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी।

# पेज एक का शेष

## बड़ी संख्या में इलाज...

चिंता जताई कि अभी देश में बड़ी आबादी तक स्वास्थ्य सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच सकी हैं। ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है। इसे पूरा करने की आवश्यकता है। एम्स इस क्षेत्र में पहल कर सकता है। एम्स के भावी चिकित्सकों में संवेदनशीलता और इम्पैथी को बढ़ाने की आवश्यकता है। भावी डॉक्टरों को ऐसा इको सिस्टम प्रदान किया जाना चाहिए, जिससे कि डॉक्टर और मरीज के रिश्ते बेहतर हों। भावी डॉक्टर मरीज के प्रति सहानुभूति रखें। अगर डॉक्टर को देखकर मरीज के चेहरे पर खुशी आ जाए तो यह उसके लिए सबसे बड़ी संपत्ति है। यह एकमात्र पेशा है, जिसमें कभी सेवानिवृत्ति नहीं होती। चिकित्सक का नाम उसके न रहने पर भी विश्व याद करता है। यही मानवता की सच्ची सेवा है। स्वास्थ्य ही संपदा है, इसे सभी को देते रहिए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गोरखपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होने आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु समेत सभी गणमान्यों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में 2016 में एक राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी बनी। उसकी बात साझा करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज बनाने में किसान की जमीन ली जाती है। किसानों की मूल्यवान भूमि लेते हैं तब गरीब किसान भाई के लिए पीड़ा होना बनता है। हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि जिस जमीन को हम ले रहे हैं उनके पीछे के लिए कौन लोग हैं उन्हें याद रखना पड़ेगा। यह 21वीं सदी है मित्रों। यह महिलाओं की सदी है। जब तक महिलाओं की शक्ति देश के विकास में नहीं आएगी तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। हमारी महिलाओं को आगे लाना होगा। यहां अवार्ड पाने वाले विद्यार्थी आगे बढ़ते रहें, किसी से ईश्या मत करो और किसी मरीज का इलाज कर जान बचाने के लिए वो आपको बधाई दे, यहीं आपकी कोशिश होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने कहा कि गोरखपुर एक आध्यात्मिक कार्य के लिए गोरखपुर की धरती जानी जाती है। इसे पूर्वी उप्र में आध्यमिक नगरी के केन्द्र बिन्दु के रूप में हम जानते हैं। इसके आसपास कई माहनुभावों और आध्यमिक मनीषियों के लिए जाना जाता है। यहां एम्स 2024 के पहले एक सपना था। आज से आठ साल पहले यहां भय का माहौल था। स्वास्थ्य सेवाओं में समेत कई रोगों के उपचार के लिए प्रधानमंत्री से एम्स की मांग की और उन्होंने इसे धरती पर उतारने की स्वीकृति दी। एम्स जिस उद्देश्य के लिए गठित हुआ था आज वो इंसेफ़ेलाइटिस का पूरी तरह से उन्मूलन हो चुका है। आज संशाधनों की कमी नहीं है। आज से आठ वर्ष पहले एक ही मेडिकल कॉलेज था। आज पूर्वी उप्र में लगभग सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो चुके हैं। बलिया में बनने जा रहा है। हमारे आगे चुनौतियां कम नहीं है। चुनौतियों से लड़ते हुए हमें आगे बढ़ना है। भावी डॉक्टरों को इंसेफ़ेलाइटिस के क्षेत्र में किस तरह से कार्य हुआ है उसकी केस स्टडी करके आगे बढ़े और रिसर्च में काम आने वाला है। अपने भाषण के दौरान उन्होंने सांसद रवि किशन की बातों को साझा किया। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आज इतिहासिक आयोजन में राष्ट्रपति की उपस्थिति की बधाई दी। उन्होंने कहा कि छह वर्ष की यात्रा में गोरखपुर एम्स चिकित्सा सेवा में बेहतर योगदान दिया है। अब गोरखपुर एम्स नये स्वरूप में दिखने जा रहा है। दीक्षांत समारोह में मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए समाज और सेवा को समर्पित करते हुए अपने स्किल के साथ आगे बढ़े और मरीजों को सेवाएं देंगे। चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने के लिए 2017 में केन्द्र सरकार ने नई चिकित्सा नीति को लागू किया। इससे देश में फैले आयुष्मान सेवा केन्द्र स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में आज गरीबों और जन जन तक पहुंचा रहा है। मेडल पाने वाले डॉक्टर्स सरकार के साथ चिकित्सा सेवाओं को लेकर कदम से कदम मिलाकर और बेहतर बनाने में अपना योगदान देंगे। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थी चरक कुमार, मानस पंथ, आजमी अयाना अयाज, पर्ल यादव, श्वेता कुमारी, आदित्य पांडेय, सुमया पांडेय, वैभव शर्मा को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद रवि किशन समेत कई गणमान्य उपस्थिति रहे। बरेली में उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा मैं जिस परिवेश से आती हूं, वह सहज रूप से प्रकृति के निकट है। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते थे। पशु हमारे जीवन का धन हैं। अभी हम आधुनिक जीवनशैली की जिंदगी जी रहे हैं, लेकिन जब छोटे थे तो टेक्नोलॉजी का साधन नहीं था तब पशु ही हमारे साधन थे।उनके बिना हम जिंदगी के बारे में सोच नहीं सकते थे। यह धरती व मानव जाति इससे खुशहाल होती थी।हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर उपस्थिति को देखती है।ङ्क उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधि व मेडल भी प्रदान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि 1889 में स्थापित इस संस्थान ने 135 वर्ष की यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रपति ने वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध कार्यों और इस संस्थान नाम दर्ज अनेक पेटेंट्स, डिजाइन, कॉपीराइट्स चर्चा करते हुए कहा कि 'प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर' कहावत पशुओं के स्वास्थ्य के लिए भी पूरी तरह से लागू होती है। बीमारियों के रोकथाम में टीकाकरण की अहम भूमिका है। इस संस्थान के लिए गर्व का विषय़ है कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में अनेक टीके यहीं पर विकसित किए गए। राष्ट्रपति ने कहा कि गिद्धों के विलुप्त प्राय होने के पीछे पशु चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक दवाओं की भी भूमिका है। ऐसी दवाओं पर प्रतिबंध लगाना गिद्धों के संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम है। वैज्ञानिकों के इस दिशा में कदम उठाने पर राष्ट्रपति ने बधाई दी। कई प्रजातियां या तो विलुप्त हो गईं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। इन प्रजातियों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत आवश्यक हैं। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान जैसे संस्थान जैव विविधता को बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाते हुए आदर्श प्रस्तुत करें। राष्ट्रपति ने उपाधि व पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की बड़ी संख्या देखकर गर्व हो रहा है कि बेटियां अन्य क्षेत्र की तरह पशु चिकित्सा के क्षेत्र में भी आगे आ रही हैं, यह शुभ संकेत है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा करियर के रूप में आपने निरीह व बेजुबान पशुओं की चिकित्सा व कल्याण के क्षेत्र को चुना है। इसमें सर्वे भवन्तु सुखिनः... भारतीय सोच का भी योगदान रहा है। इसी भावना साथ आपने शिक्षा प्राप्त की होगी और भविष्य में भी इसी मूल भावना के साथ कार्य करते होंगे। जब भी आपके सामने दुविधा का क्षण हो तब उन बेजुबान पशुओं के बारे में सोचिए। जिनके कल्याण के लिए आपने शिक्षा ग्रहण की है। आपको सही मार्ग जरूर दिखाई देगा। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि पशु विज्ञान विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इस संस्थान में पशु विज्ञान इनक्यूबेटर कार्यरत है। इस सुविधा का लाभ लेते हुए उद्यम स्थापित करने चाहिए। इससे न केवल जरूरतमंदों को रोजगार दे पाएंगे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि वन हेल्थ की अवधारणा महत्व प्राप्त कर रही है। माना जाता है कि मानव, घरेलू तथा जंगली जानवर, वनस्पति व व्यापक पर्यावरण एक-दूसरे पर आश्रित हैं। हमें अपनी परंपरा व इस अवधारणा का अनुसरण करते हुए पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चााहिए।

## हर जीव-जंतु के...

दिखाती है कि इसकी भूमिका केवल पशु चिकित्सा तक सीमित नहीं, बल्कि वह मानव जीवन रक्षा में भी अग्रणी रही है। उन्होने लंपी स्किन डिज़ीज पर भी विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे इस बीमारी की दूसरी लहर के दौरान जब गोवंश बुरी तरह प्रभावित हुआ, तब आईवीआरआई द्वारा विकसित टीके ने उत्तर प्रदेश को संक्रमण से मुक्त कराने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में हमारी गौशाला में भी संक्रमण फैल चुका था, लेकिन जब वैज्ञानिकों ने परीक्षण वैक्सीन देने की बात कही, तब तत्कालीन केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला से बात कर अनुमति प्राप्त की गई और आईवीआरआई द्वारा बनाई गई वैक्सीन से प्रदेश में लंपी का पूरी तरह से सफाया किया गया। दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा ल्ल आज का दिन आपके जीवन का एक नया अध्याय है। यह केवल डिग्री नहीं, बल्कि समाज को आपकी सेवा समर्पित करने की शपथ है। आपकी यह यात्रा राष्ट्र के भविष्य निर्माण में निर्णायक होगी।

## प्रयागराज की दलित...

परिवार का आरोप है कि उसे भी पैसे का लालच दिया गया था। इसके बाद कैफ प्रयागराज जंक्शन तक बाइक से ले गया और रास्ते में अश्लील हरकत की। इसके बाद दरकशा पहले लड़की को लेकर पहले दिल्ली और फिर वहां से केरल पहुंची। वहां कुछ संदिग्ध लोगों से मिलवाया गया। इसके बाद मतांतरण करवाकर जिहाद के लिए दबाव बनाया। तब वह घबरा गई और वहां से भाग निकली। स्टेशन पर पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने उसकी हालत देख पूछताछ की तो घटनाक्रम का पता चला। तब प्रयागराज पुलिस को सूचना दी गई। हालांकि अभी यह साफ नहीं हुआ है कि दरकशा कितने लड़कियों के साथ ऐसा कर चुकी है। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुणावत का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। मुकदमे में वांछित अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी होने पर नए तथ्य सामने आ सकते हैं। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप गुनावत ने बताया कि इस मामले में आतंकी कनेक्शन की जांच भी की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां अब इस प्रकरण में आतंकी एंगल की भी जांच कर रही हैं। जिन नंबरों से किशोरी के परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी गई और जिस नेटवर्क से लड़की को दिल्ली के त्रिनगर कैंप तक पहुंचाया गया उन सब पर खुफिया विभाग की नजर है। सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट किया गया है। मोबाइल डिवाइसेज, कॉल रिकॉर्ड्स और सोशल मीडिया चैट्स की डिजिटल फोरेंसिक जांच शुरू की गई है।

## रेलवे के यात्री...

ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गयी है, जबकि 501 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक दूरी के टिकट पर पांच रुपये, 1501 से 2500 किलोमीटर के टिकट के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर तक किराये पर 15 रुपये बढ़ाये गये हैं। इन्हीं गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी और प्रथम श्रेणी के किरायों में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है।

रेल मंत्रालय के वाणिज्यिक परिपत्र में कहा गया है कि तेजस राजधानी, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो, वंदे भारत, हमसफर, अमृत भारत, तेजस, महामना, गतिमान, अंत्योदय, गरीब रथ, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, गैर उपनगरीय पैसेंजर गाड़ियों, अनुभूति कोच एवं विस्टाडोम कोच आदि के मूल किराये नयी दरों के हिसाब से होंगे। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट आदि शुल्क पूर्ववत रहेंगे और उनमें कोई वृद्धि नहीं की गयी है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भी पूर्ववत लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गयी थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी, जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गयी थी। वर्ष 2019 में मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर दो पैसे बढ़ाये गये थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में दो पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी दो पैसे की बढ़ोतरी की गयी है। साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर एक पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराये में एक पैसे की बढ़ोतरी की गयी थी। प्रथम श्रेणी के किराये में एक पैसे की बढ़ोतरी की गयी थी। सभी वातानुकूलित श्रेणियों में एक समान चार पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गयी थी। यह वृद्धि जनवरी 2020 से लागू हुई थी।

## भारत अपना अनुसंधान...

तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट वाला देश बन जाएगा, जो अभी तीसरे नंबर पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जटिल रक्षा प्रणालियों और नई प्रौद्योगिकियों को संभालने के लिए कुशल जनशक्ति की भी कमी है। रिपोर्ट में सरकार और निजी फर्मों के बीच मजबूत साझेदारी के महत्व पर जोर दिया गया है, लेकिन कहा गया है कि रक्षा विनिर्माण में निजी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन और नीति समर्थन महत्वपूर्ण होगा। विदेशी भागीदारों के साथ सहयोग में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और बौद्धिक संपदा अधिकार भी संवेदनशील और अनसुलझे मुद्दे बने हुए हैं।

# भारत-नेपाल मैत्री पुल पर एसएसबी पोस्ट निर्माण को लेकर विवाद, स्थिति तनावपूर्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल के पैदल यात्री फुटपाथ पर रविवार देर शाम उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 47वीं बटालियन के जवानों ने नए पोस्ट निर्माण का कार्य शुरू किया। यह स्थान भारत के लैंड कस्टम क्षेत्र में स्थित है। निर्माण कार्य की सूचना मिलते ही कस्टम अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर इसे अवैध बताते हुए कार्य को रोकने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लैंड कस्टम एरिया में किसी अन्य एजेंसी को बिना अनुमति के न तो निर्माण का अधिकार है और न ही वहां स्थायी रूप से तैनात होने का वैधानिक अधिकार है। इस बीच, बड़ी संख्या में एसएसबी जवान हथियारों के साथ मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। स्थिति और अधिक जटिल तब हो गई जब नेपाल सशस्त्र प्रहरी (एपीएफ) के परसा जिले के डीएसपी लोकेंद्र बहादुर सुब्बा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भारत द्वारा नो मेंस लैंड में हो रहे निर्माण को भारत-नेपाल मैत्री संबंधों का उल्लंघन बताया और इसका विरोध दर्ज कराया। घटना स्थल पर मौजूद एसएसबी 47वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट दिव्यांशु चौहान, नेपाल के डीएसपी और कस्टम अधिकारियों के बीच इस मुद्दे पर लंबी चर्चा हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि इस मामले को लेकर हरैया थाना को सूचना दी गई है और कस्टम अधीक्षक द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आवेदन भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च 2024 को तत्कालीन एसएसबी आईजी पंकज दरार द्वारा गृह मंत्रालय के आदेश पर इसी स्थान पर बने अस्थायी पोस्ट को नागरिक शिकायतों के आधार पर हटा दिया गया था। तब समाधान स्वरूप हेल्प डेस्क के रूप में केवल दो महिला कांस्टेबल की तैनाती की गई थी। अब दोबारा उसी स्थान पर पोस्ट निर्माण किए जाने से विवाद ने फिर तूल पकड़ लिया है। फिलहाल पोस्ट निर्माण को लेकर सीमा पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच बातचीत का सिलसिला जारी है। एसएसबी 47 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट दिव्यांशु चौहान ने बताया कि भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा को लेकर 15 किलोमीटर के दायरा आता है। सीमा की सुरक्षा को लेकर अस्थाई पोस्ट का निर्माण कराया जा रहा है। वही कस्टम आयुक्त मोहन कुमार मीणा ने बताया की कस्टम एरिया में एसएसबी के द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण को लेकर पूर्वी चंपारण के डीएम व एसपी को सूचना की गई है।

# दिल्ली–एनसीआर समेत देश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में रविवार रात से शुरू हुई झमाझम बारिश रुक-रुक कर सोमवार को भी जारी रही। दिल्ली में रविवार सुबह साढ़े 8 बजे से लेकर सोमवार सुबह साढ़े 8 बजे तक औसतन कुल 14 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एनसीआर के लिए सोमवार को 'येलो अलर्ट' जारी किया है और बताया है कि आने वाले छह दिनों तक राजधानी में हल्की वर्षा की संभावना है। दिल्ली के कई इलाकों में वर्षा के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। बीते 24 घंटे में राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम के पास सबसे अधिक 23.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। लोधी रोड पर 17.3 मिलीमीटर, पालम में 16.2 मिलीमीटर और मयूर विहार में 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। बारिश के

## दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी

चलते दिल्ली में तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। राष्ट्रीय स्तर पर भी मौसम विभाग ने कई राज्यों के लिए वर्षा और तूफानी हवाओं का पूर्वानुमान जारी किया है। आईएमडी के अनुसार, झारखंड में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा तथा कुछ इलाकों में अत्यंत भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। बिहार, छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और विदर्भ में भी भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम और पश्चिम मध्य प्रदेश में भी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक, गंगा के मैदानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला पश्चिम बंगाल, आंतरिक कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, ओडिशा, पश्चिम मध्य प्रदेश और पश्चिम राजस्थान में मध्यम बारिश के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पंजाब, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में बिजली गिरने और गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्म और आर्द्र मौसम रहने की संभावना है, जिससे उमस बढ़ सकती है।

# छात्रा आर्या अग्रवाल को राज्यपाल ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आनंदराम ढांढनियां सरस्वती विद्या मंदिर, भागलपुर के दशम कक्षा की छात्रा आर्या अग्रवाल को आज अंग वस्त्र, मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके माता-पिता को भी प्रांत प्रचारक उमेश रंजन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सम्मानित किया। आर्या अग्रवाल ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

राज्यपाल ने विद्या भारती के इस सम्मान समारोह की सराहना करते हुए कहा कि बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए यह प्रयास सराहनीय है। इस उपलब्धि से निश्चित रूप से विद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राणा प्रताप ने कहा कि आर्या अग्रवाल की इस उपलब्धि से विद्यालय का गौरव बढ़ा है और यह अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने आर्या और उनके माता-पिता को बधाई दी। मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन केशव सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल, केशव पुरम, मरचा मर्ची, पटना में भारतीय शिक्षा समिति और शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

# भारत विकास परिषद ने मनाया अधिष्ठापन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। भारत विकास परिषद की शिवालिक शाखा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अपना अधिष्ठापन समारोह मनाया।

शिवालिक नगर स्थित एक होटल में आयोजित अधिष्ठापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि वर्तमान की भागदौड़ की जिंदगी में आदमी अपने लिए भी समय नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में समय निकालकर समाज के लिए कार्य करना बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने परिषद के सेवा कार्यों के लिए हर प्रकार का सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव सेवा बृज प्रकाश गुप्ता ने कहा कि परिषद अपने पांच सूत्रों के माध्यम से आम नागरिकों की सेवा करने में सबसे अग्रणीय संस्था है। परिषद के प्रांतीय संरक्षक डॉक्टर रविंद्र कपूर ने परिषद के सदस्यों से समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आवाह्न किया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. मनीषा सिंघल, शिवालिक शाखा की अध्यक्ष भावना माझी मंच पर मौजूद रही। शाखा के सचिव सोनेश्वर कुमार सोना ने संचालन किया। अधिष्ठापन अधिकारी एवं प्रांतीय संगठन मंत्री ने शाखा के सभी नए सदस्यों और नए दायित्वधारियों को सदस्यता और दायित्व की शपथ ग्रहण कराई। इसके बाद मंचासीन अतिथियों ने शिवालिक शाखा के नए अध्यक्ष अंकित गुप्ता, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष भावना चौहान, संयोजक महिला सहभागिता प्रतिभा सारस्वत, संगठन सचिव भावना माझी, संयोजक संपर्क उपेंद्र शर्मा, संयोजक सेवा सोनेश्वर कुमार सोना, संयोजक पर्यावरण वेदप्रभा श्रीवास्तव और संयोजक संस्कार रितिका गुप्ता को उनके नए दायित्वों के लिए बधाई दी। समारोह में रिद्धिमा चौहान ने सरस्वती वंदना, सिद्धि गुप्ता ने दुर्गा स्तोत्र, ट्विशा श्रीवास्तव ने कृष्ण स्तुति और कनक कुमारी ने शिव पार्वती संवाद सुंदर नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता कुशल पाल सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार अमित गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष ललित पांडे, राजकुमार शर्मा, एके श्रीवास्तव, वरिष्ठ कवि भूदत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे। सोनेश्वर कुमार सोना ने शिवालिक शाखा के गत वर्ष किए गए कार्यों का ब्यौरा और अंकित गुप्ता ने आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। शाखा के सचिव सोनेश्वर कुमार सोना ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# पटना में उमस भरी गर्मी कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

पटना। बिहार में मानसून की सक्रियता के साथ मौसम में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है।राज्य के अधिकांश जिलों में हल्की या मध्यम दर्ज से बारिश हो रही है। इससे कई जिलों में लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की है। राजधानी पटना में सोमवार सुबह से धूप निकली और आठ बजे के बाद कुछ समय हुई हल्की बारिश से मौसम उमस भरा रहा। नालंदा, अररिया और पटना के कुछ इलाकों में आज बारिश होने से इन जिलों का मौसम काफी सुहावना हो गया है। किशनगंज और जमुई में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं और मौसम विभाग ने जल्द ही यहां बारिश की भी संभावना जतायी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बिहार के लगभग सभी जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार 19 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 19 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी है, जबकि येलो अलर्ट वाले जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

# बॉर्डर पार खेती करने गया पंजाब का किसान पहुंचा पाकिस्तान

चंडीगढ़। पंजाब के फाजिल्का से 21 जून से लापता किसान पाकिस्तान पहुंच गया है। बीएसएफ ने लापता किसान के परिजनों को सोमवार को इस बारे में सूचित किया है, लेकिन परिजनों के अनुसार उन्हें अधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। फाजिल्का जिला के गांव खैरे के उताड़ निवासी अमृतपाल सिंह बीती 21 जून को खेती करने के लिए फेंसिंग पार गया था। शाम के समय अन्य किसान तो लौट आये, लेकिन अमृतपाल वापस नहीं आया। परिजनों तथा बीएसएफ के अधिकारियों ने जब कंटीली तार के पास जाकर देखा तो अमृतपाल के पांव के निशान पाकिस्तान की तरफ जाते हुए दिखाई दिए थे। अमृतपाल के पिता जगराज सिंह ने बताया कि वह बीमार होने के कारण बॉर्डर पार खेती के लिए नहीं जा रहे हैं, जिसके चलते पिछले कुछ सालों से उनका बेटा अमृतपाल ही रोजाना खेती करने के लिए सुबह 9:00 बजे जाता है और शाम को 5:00 बजे आ जाता है।

# गोर्खाली सुधार सभा का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

■ अपनी संस्कृति व संस्कार के प्रति जागरूक होना होगा: पदम सिंह थापा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। गोर्खाली सुधार सभा की हरिद्वार शाखा का तृतीय वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हो गया। अधिवेशन में उपस्थित मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा, महामंत्री गोपाल क्षेत्री, शाखा अध्यक्ष शमशेर बहादुर बम, कर्नल अनिल थापा, सांस्कृतिक सचिव कैवाईबी थापा, माया घले शाखा अध्यक्ष ऋषिकेश एवं गीता भंडारी सचिव छिद्दरवाला ने मंत्रेच्चारण के बीच दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा ने कहा कि गोरखा समुदाय का देश के विकास में हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने समुदाय के सम्मुख अपनी संस्कृति व संस्कार के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही युवा पीढ़ी को जाग्रत करने का भी आह्वान किया। कर्नल अनिल थापा (महाप्रबंधक डीएलएफ) ने कहा कि संस्था समाज हित मे कार्यरत है। विशेष महिला सशक्तिकरण के लिये पर्वतीय क्षेत्रें में जहां रोजगार का कोई साधन उपलब्ध नहीं है, वहां पर घर पर ही महिलाओं को अपनी आजीविका चलाने के लिये संसाधन उपलब्ध कराये जाते हैं। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन योग्य छात्रें को उनका भविष्य संवारने में भी मदद करती है। उन्होंने प्रशांत शर्मा बी-टेक के छात्र को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। डा. पदम प्रसाद सुवेदी ने कहा कि हम सभी को सभा का सदस्य बनकर एकजुटता प्रदर्शित करनी चाहिये। सभा द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्य सराहनीय है। स्वामी रामप्रकाश चैरिटेबल हास्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डा. संजय शाह ने कहा कि समाज को अपनी पहचान को बनाये रखने के लिये सोच में भी परिवर्तन लाना होगा। समुदाय द्वारा राष्ट्रहित में दिये गये योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। मातृ-भूमि की रक्षा के लिये जब भी जरूरत पड़ी गोरखा सैनिकों ने प्रथम पंक्ति में खड़े होकर अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों को सबक सिखाया है। इस अवसर पर विद्वत सम्मान डा. डम्बर प्रसाद पौडेल वरिष्ठ शिक्षाविद्, डा. मधु शाह, स्त्री रोग विशेषज्ञ, भगवान जोशी, चन्द्र बहादुर थापा, संजय बिष्ट, पदमा पाण्डेय को स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अधिवेशन में ऋतांजलि रेग्मी, प्रतिज्ञा रेग्मी, प्रशांत शर्मा सहित 25 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी।

# अमृतसर में साठ किलो हेरोइन बरामद, कई राज्यों से नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने बीएसएफ तथा राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन के दौरान 60 किलो हेरोइन की खेप बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर से कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पंजाब पुलिस ने राजस्थान पुलिस तथा बीएसएफ के साथ मिलकर अमृतसर कमिश्नरेट क्षेत्र में एक ऑपरेशन चलाया। इस दौरान कुल 60 किलो 302 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट को पाकिस्तान में बड़ा स्मगलर तनवीर शाह और कनाडा में रहता स्मगलर जोबन कलेर संचालित कर रहा था। डीजीपी ने बताया कि इस मामले में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करके अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें ड्रग तस्कर, ट्रैफिकर तथा हवाला ऑपरेटर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अभी और कई जगह छापेमारी की जा रही है। इस मामले में कई लोगों के लिप्त होने के सुराग मिले हैं।

# नगर परिषद के पार्षद उप चुनाव में चुन्नी खातून ने नजराना खातून को 254 मतों से किया पराजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। फारबिसगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 15 के पार्षद पद के लिए शनिवार को हुए मतदान का मतगणना का कार्य भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में हुई।जिसमें चुन्नी खातून पति कुद्दूस अंसारी ने अपने एकमात्र प्रतिद्वंदी नजराना खातून पति मो.इस्लाम को 254 मतों के भारी अंतराल से पराजित किया। चुन्नी खातून को 541 मत प्राप्त हुए जबकि नजराना खातून को 287 मत प्राप्त हुआ। फारबिसगंज अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी अविनाश कृष्ण ने चुन्नी खातून को विजय घोषित करते हुए परिणाम की घोषणा की और जीत के सर्टिफिकेट प्रदान किया।मौके पर बीडीओ संजय कुमार, सीओ ललन कुमार ठाकुर,पर्यवेक्षक के रूप में किशनगंज के योजना विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार हाजरा, डीपीआरओ शशिरंजन कुमार, मार्केटिंग ऑफिसर भरगामा और फारबिसगंज मौजूद थे। चुनाव परिणाम की घोषणा के साथ ही मतगणना केंद्र के बाहर जमा समर्थकों की भीड़ ने जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर बधाई दी। सर्टिफिकेट मिलने के बाद ओपन रूफ वाली कार में सवार होकर विजयी हुई चुन्नी खातून समर्थकों के साथ विजयी जुलूस निकालते हुए वार्ड पहुंचकर अपने मतदाताओं का आभार प्रकट की। इस दौरान उनके समर्थक बैंड बाजे के धुन पर थिरकते और गुलाल उड़ाते हुए जमकर पटाखे फोड़े और आतिशबाजियां की। मौके पर विजयी हुई चुन्नी खातून ने कहा कि वार्ड में साफ सफाई के साथ सबों को साथ लेकर वार्ड में विकास का कार्य करेगी। जनता ने उन पर जो भरोसा दिखाया है और उन्हें दायित्व सौंपी है,उस पर पूरी तरह से खड़ी होने की सकारात्मक प्रयास करेगी। उल्लेखनीय हो कि फारबिसगंज नगर परिषद का वार्ड संख्या 15 के पार्षद पद के चुनाव को लेकर शहर के कई बड़े सियासतदानों ने अपनी नाक की लड़ाई बना रखी थी। पराजित हुई उल्लेखनीय है कि जराना खातून के पति मो.इस्लाम वार्ड संख्या 14 के पार्षद के साथ नप के सशक्त स्थायी समिति के सदस्य हैं और नगर परिषद के मुख्य पार्षद वीणा देवी के खासमखास माने जाते हैं। पिछली बार रौनक प्रवीण ने चुन्नी खातून को पराजित कर पार्षद बनी थी,लेकिन बीपीएससी शिक्षक में उनकी बहाली होने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और तब से वार्ड संख्या 15 का पार्षद का पद रिक्त था।

# मोहाली की एक फैक्ट्री में आग लगने से करीब नौ माह की बच्ची की मौत

चंडीगढ़। पंजाब के मोहाली में स्थित एक फैक्ट्री में सोमवार को शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लगने के कारण करीब नौ माह की बच्ची की झुलसने से मौत हो गई, जबकि दो कर्मचारी झुलस गए। फायर ब्रिगेड की टीमों ने करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक फ़ेज-पांच में डी 39 नाम से एक फैक्ट्री में लोहे की डाई बनाने का काम होता है। सोमवार सुबह पौने दस बजे के करीब फायर ब्रिगेड की टीम को आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद तुरंत मौके पर टीमें पहुंच गई। आग काफी तेज थी। हीट काफी अधिक थी। इस वजह से आग बुझाने में दिक्कत आई। फैक्ट्री के अंदर एक केबिन अस्थाई रूप से बना हुआ था। वहां पर एक बैड लगा हुआ था। साथ ही चाय बनाने के लिए सामान रखा हुआ था। वहां पर बेड के नीचे कोने में बच्ची का शव पड़ा था। इस आग में दो लोग जख्मी हुए हैं। इसमें एक महिला कर्मचारी बबीता और फैक्ट्री मालिक वरिंदर कुमार बताए जा रहे है। यह फैक्ट्री किराए पर चल रही थी। सब फायर अफसर सुरेश कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया। एक बच्ची की मौत हो गई।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063